जयराम दास 'उदासीन'

प्रताप-विजयः

[किशोराणां कृते नवीनं-खण्डकाव्यम्]

प्रणेता

स्वर्गीयश्रीमदीशदत्तशास्त्री 'श्रीशः' साहित्याचार्यः

प्र का श न व र्षः

१९ | ७५

प्रकाशक : | मुद्रक :
देवभाषाप्रकाशनम् | देववाणी मुद्रणालयम्
दारागंज-प्रयागः | दारागंज-प्रयागः

पुन | र्मुद्रणम्
संवत् | २०३१
मूल्यम् | मुद्राद्वयम् २.००:

हिन्दी अनुवादकः
शिवशङ्कर त्रिपाठी

अन्वयकर्ता
श्री गुप्तेश्वर त्रिपाठी

सम्पादकीयम्

अप्रकाशितानामप्राप्याणां ग्रन्थानां प्रकाशनं संगमन्याश्चैरकालिकं समुद्देश्यम् । इति हेतोः तदानीन्तनकाशीसहृदयसुधीसमाजे परमप्रसिद्धानां समृद्धसंस्कृतसाहित्यरससिद्धानां कविरत्नस्वर्गीयश्रीमदीशदत्तशास्त्रिश्रीशमहोदयानामोजोभृतिः प्रतापविजयाभिधानन्नाम कृतिः प्रकाश्यते ।

संस्कृतवाङ्मयं सर्वथाऽगणितप्रकाशिताप्रकाशितग्रन्थराशिराजिरञ्जितं वरीवर्ति । किन्तु तत्र युगानुकूलं किशोरकिशोरीणाञ्चोपयोगिसाहित्यराहित्यं संवीक्ष्य सहृदयानां बालसाहित्लीरसिकानाञ्चेतः नितरां चेखिद्यते । अंगुलिगणनीयानि प्रत्नानि कियन्त्येव ग्रन्थरत्नानि सन्ति । तानि वार्तमानिकबालशिक्षासिद्धान्तोपेक्षकाण्येव । अत एव साधारणे जने बालसमाजे च संस्कृतभाषाप्रचाराय सरलभाषानिबद्धस्य संस्कृतसाहित्यस्य महती आवश्यकता दरीदृश्यते । प्रकाशितेनानेन काव्येन तदभावपूर्तिर्भविष्यतीति विश्वसिमो वयम् ।

काव्येऽस्मिन् पदे पदे भाषासारल्यं देशभक्तिभावनाप्राबल्यं शब्दबन्धे लावण्यं यत्र तत्र देशदशावर्णने कारुण्यं दन्ध्वन्यते । इयं कविवरस्य बाल्यकालीना रचना । अतो यत्र तत्र त्रुटिर्वर्तते । कविना प्रतापविजयशीर्षके 'पूर्णाऽद्य मे भगवतः कृपयाऽभिलाषा' इत्यत्र 'अभिलाष' शब्दस्य स्त्रीलिङ्गे प्रयोगो विहितः । सः न समीचीनः । घञन्तत्वात् अभिलाषशब्दः नित्यपुंल्लिङ्गः । तथैव हल्दीघाटी-परिचयः इति शीर्षके राणाप्रतापप्रतिभा प्रतिभासमाना' इत्यत्रापि वृत्तभङ्गः । स्थानद्वयेऽपि 'पूर्णोऽद्य मे भगवतः कृपयाऽभिलाषः' 'राणाप्रतापबलवीर्यविभासमाना' इति च स्वीकृत्य दोषोद्धारः । आसीदस्य काव्यस्य पूर्वसंस्करणे मुद्रणादिजनिता महती त्रुटिः । स्थले स्थले समुचितविरामचिह्नानामभावः । तेनाभवदर्थकरणे बहुभ्रान्तिः । यथामत्यस्मिन् संस्करणे दूरीकृतास्त्रुटयः । पूर्वसंस्करणे कतिपये अप्रासङ्गिका अंशा आसन् । तेषामैतिहासिकमहत्त्वं वीक्ष्य भूयोऽपि मुद्रिताः । काव्यमिदं पाठकानां कृते रुचिकरं भविष्यति । प्रपठ्य पाठकाः स्वमतं प्रेषयिष्यन्तीति विनिवेदनम् ।

समुद्धृतमिदं संगमनीपत्रिकातः • प्रभातशास्त्री

विमर्शकः

अनन्तश्रीविभूषितकाशीपीठाधीश्वरश्रीमहेश्वरानन्दसरस्वती
पूर्वाश्रमनाम सर्वतन्त्रस्वतन्त्रकवितार्किकचक्रवर्तिश्रीमहादेवशास्त्री
[प्रोफेसर, ओरियण्टल कॉलेज, हिन्दूयूनिवर्सिटी, वाराणसी]

•

कृत्वा धम्मिल्ललीलां गलमनुगलितां कुन्तलालिं विलोलां,
व्याधुन्वानं सटाग्रं मृगपतिमनिशं तीव्रयन्ती महोग्रा ।
मुञ्चन्ती चन्द्रहासं खलबलनिकरे सैरिभं मृद्नती द्राक्,
श्रीशक्तिर्भारतेऽस्मिन्नरि नरि विजया वस्तुतः साविरस्तु ॥

•

कारावासप्रसोढोत्कटविकटमहायातनोग्रा भुशुण्डी—
गर्ज्जन्तीस्ताः शतघ्नीज्ज्वलनकणमुचो निर्भयं सम्प्रविश्य ।
वामं चारोप्य पादं रिपुशिरसि बलाद् बद्धहेवाकभावा
संसत् काचिद् विजेत्री भजतु निजभुजैः प्राज्यसौराज्यलक्ष्मीम् ॥

•

आसहस्रात् संवत्सरेभ्यो दासभावं भजति, परहस्तगतां निजस्वातन्त्र्य-लक्ष्मीं पश्यति, नीवृति भारते भाविरहिते, धनेन मानेनाऽऽयुषा वपुषा वर्चसा महसा चावहीनेषु, ग्राम्यजनतासु कूटशतसम्भृतासु, परकीयन्यायाधिकरणेषु, दिवानिशं प्रतारणावितानप्रवणेषु, राजसु राज्यैकस्थापनलक्ष्येष्वप्यविलक्षेषु, परिसरेषु चर्चयाप्यचुम्बितगोचरेषु ; नैचिकीषु कङ्कालमात्रोर्वरिततनुयष्टिषु; जननीषु जायमानैरेव महापथाय प्रतिष्ठमानैः पृथुकैरिच्यमानोत्सङ्गभागिनीषु; दशमितामालिङ्गत्सु द्रष्टुमपि दुर्लभतामाश्रयत्सु ; इत्थमेसा दशपरश्शतविधाभिः, प्रतिदिशमभिधावन्तीभिः, परिणमते दुर्भगा परतन्त्रतैव । क्व लोभनीयाः

संवसथाः ! क्व कमनीया गावः क्व रमणीया आश्रमाः ! क्व विस्मापनीयाः पारीन्द्रस्पर्द्धाधारिणस्तरुणाः ! क्व ख्यापनीया व्यापारसम्भाराः ! !

सर्वतो दृश्यन्ते सूना गृहाः। परितो वीक्ष्यन्ते आतुरालयाः। समन्ततो विलोक्यन्ते मांसापणाः, विश्वतो निभाल्यन्ते चलच्चित्रभाषणदर्शनानि। अभितोऽनूभूयन्ते भेषजविज्ञापनखचिता भित्तयः। पत्तनानि तु नगरेभ्योऽपि दयनीयानि। तत्र च धुलिधूसराः पथि विसराः, नतकुड्यानि स्थूणामात्राव-शेषच्छादनानि वेश्मानि; जरत्कन्था दधाना गणनीयास्थिपञ्जरबन्धना मानवा निमग्नचक्षुषः शिशवः, कार्श्यैकलक्षणीयाः पशवः; किं बहुना कृत्स्नेष्वेव व्यवहारेषु दरिद्रता, रुग्णता, मलिनता च उद्दण्डताण्डवं कुर्वाणा दरीदृश्यते। सर्वथा दुर्दशानिविरीशनिगड़ितमिदानीं समस्तमेव भारतं वर्षम्। उच्छिन्नप्रायः आर्यधर्मः। लुण्ठितानि निश्शेषतः कनकानि। रक्षणोपायशून्या आर्यजातिः !!

ईदृश्यां, घोरघोरायां पतनावस्थायां विनाशोन्मुखे धर्म्मे, कदनविलुलि-तायां जातौ, कथं देशस्योद्धारः, कुतो जातिरक्षा ! केन धर्मगुप्तिः ! कस्माद् दौर्विध्यमोक्षः ! कमनुष्ठायोपायं स्वतन्त्रतोपलम्भः ! किं साधनं प्राक्तनस-मृद्धिघटनायाः ! सर्वेषामेव प्रश्नानामिदमेवमुत्तरम्—

पौरुषप्रतिलम्भः, वीररसोज्जृम्भणम्, साहससमाश्रयणम् मृत्योर्निर्भयता, बलोपासनम्, वीरपुरुषाणां रामचन्द्र-श्रीकृष्णार्जुनराणाप्रतापशिवाजीमहाराज-प्रभृतिपराक्रमैकरसानां चर्चा च !!

मेवाड़देशाधिपतेः करालकरवालभीषणरणदुर्मदस्य यवनसाम्राज्यलक्ष्मी-वैधुर्यदीक्षणशिक्षणैकपाटवस्य, प्रबलप्रतापवैभवस्य महाराणाप्रतापसिंहस्य क्षत्रियकुलशिरोमणेः नाम को नाम न जानाति भरतावनिलब्धजनिः।

'ग्रसमानमिवौजांसि सदसा गौरवेरितम्—
नाम यस्याभिनन्दन्ति द्विषोऽपि स पुमान् पुमान्॥
स पुमानर्थवज्जन्मा यस्य नाम्नि पुरःस्थिते।
नान्यामङ्गुलिमभ्येति संख्ययामुद्यताङ्गुलिः॥"

मन्ये; इतीदृशि पद्यरत्नानि तदीयचरणसरसीरुहयोरेवोपह्रियमाणानि

सार्थकतामासादयन्ति । तस्यैव वीरचक्रवर्तिनो महाराणाप्रतापस्य गुणगौरव-गुम्फितं प्रतिज्ञासमज्ञासौन्दर्यसारसम्भृतं यवनमददलनमेदुररणरसप्रवाहितं 'हल्दी घाटी' दुर्घटघटनासंघटनपाटववर्णनोपबृंहितं, नवावतारमिव महाभारतस्य, प्रसादसर्वस्वमिव पौलस्त्यवधस्य, हेवाकनिकषोपलमिव वीरचरितस्य, पुनर्जन्नमिव वेणीसंहारस्य, व्यररचत् प्रतापविजयाभिधानं खण्डकाव्यं राष्ट्रियकवितैकशेवधिः, ईशदत्तः सुधीः । यमभिलक्ष्येयमार्या समवाप्तमर्यादा प्रागेवावततार—

सरसा सालङ्कारा सुपदन्यासा सुवर्णमयमूर्तिः ।
आर्या तथैव भार्या न लभ्यते पुण्यहीनेन ॥

(आर्या उत्कृष्टा कविता) पर्यवसाने च—

आसेतोराहिमानीधवलतटभरादद्रिभूपालमौलेः,
मध्ये प्राच्यप्रतीच्यौदकनिधिकलितप्राज्यभूचक्रवालम् ।
यत्काव्योल्लासलीला कलितकलकला लब्धवर्णालिमाला,
स श्रीमानीशदत्तो जगति विजयतां सत्प्रतापप्रभावात् ॥

कवि तथा काव्य-परिचय

युगचेता—'सुकविशिरोरत्न' श्री ईशदत्त पाण्डेय 'श्रीश' पूर्वी उत्तर प्रदेश की उन महाविभूतियों में हैं जो लेखनी एवं वाणी दोनों के धनी, काव्य-प्रतिभा की शाश्वत-ज्योति लेकर अवतरित हुए। 'श्रीश' का जन्म मार्गशीर्ष कृष्णाष्टमी मंगलवार संवत् १९७२ (सन् १९१५) में हुआ। आजमगढ़ जनपदान्तर्गत ग्राम मूँगमास जन्मभूमि।[1] पण्डितवर्य अम्बिकादत्त पाण्डेय, जनक तथा देवराज्ञी जननी। पिता जी सनातन धर्म कालेज लखीमपुर-खीरी में प्रधानाध्यापक थे। इस कारण

जीवन-वृत्त एवं शिक्षा

इनकी प्रारम्भिक शिक्षा-दीक्षा भी वहीं सम्पन्न हुई। दैववशात् पन्द्रह वर्ष की अल्पायु में ही पिताजी की स्नेहिल-सुखद-छाया एवं माता का वात्सल्य-दुलार इनके ऊपर से उठ गया। इसके पश्चात् ये वाराणसी आ गये और राजकीय संस्कृत महाविद्यालय (सम्प्रति, वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय) से संवत् २००० विक्रम (सन् १९४३) में साहित्याचार्य परीक्षा उत्तीर्ण की। हिन्दू विश्वविद्यालय काशी के प्राच्य विभाग में प्रिंसिपल प्रसिद्ध विद्वान् श्री महादेव शास्त्री जी का अन्तेवासी बनकर साहित्यविद्या का अध्ययन करना उन दिनों सौभाग्य का विषय था, 'श्रीश' जी इस विषय में उनके विशेष कृपा-पात्र रहे। साहित्य विषय का अध्ययन इन्होंने पूरे मनोयोग के साथ किया।

साहित्यविद्या में विशेष रुचि, विद्वद्वर्य श्री महादेव शास्त्री जी की कृपादृष्टि 'श्रीश' जी को आचार्य परीक्षा उत्तीर्ण करने मात्र से तुष्टि न मिली। उन्होंने राजकीय संस्कृत महाविद्यालय की आचार्योत्तर उपाधि ('पोस्ट' आचार्य) हेतु अनुसन्धान-विभाग में शोधकार्य भी किया। इसके अतिरिक्त काव्यतीर्थ एवं हिन्दी साहित्य सम्मेलन की उत्तमा (साहित्यरत्न) परीक्षाएँ भी उत्तीर्ण कीं। माता-पिता की मृत्यु के पश्चात् उन्हें भीषण अर्थ-संकट का सामना करना पड़ा किन्तु साहित्य-रस-पिपासा ने उत्साह एवं धीरज के सहारे सम्बल दिया, परिणामतः अपने पथ पर अग्रसर होते रहे। कठिनाइयों

---

१. गुणाभिरामा प्रकृति–प्रशोभिता,
स 'मुद्गमाष' प्रथिता जनस्थली ॥

—कविवंशवृत्तम्

से लड़ते, साहित्यसाधना करते यह प्रतिभाशाली व्यक्तित्व मकर संक्रान्ति संवत् २००२ विक्रम (सन् १९४५ ई०) में तिरोहित हो गया। अपनी साहित्य-साधना के परिणाम स्वरूप 'श्रीश' जी साहित्य-अध्येताओं के लिए सदा अमर हैं। ये साहित्य के साथ-साथ दर्शन के भी पूर्ण पण्डित थे, अपनी एतद्विषयक सर्वांगीण विद्वत्ता के कारण तत्कालीन साहित्य-दर्शन-अध्येताओं के लिए आकर्षण भूमि रहे। त्यागी-प्रवृत्ति, आत्माभिमान, सहृदयता एवं सुजनता आदि उनकी मित्र-मण्डली के लिए सदा ही चर्चा के विषय थे। संस्कृत ही नहीं हिन्दी के भी सफल कवि थे। उनकी ओजस्विनी—वाणी की रस-धार में श्रोता मंत्र-मुग्ध होकर निमग्न हो उठते और उससे हटना दूभर हो जाता था। कवि के साथ-साथ ये एक कुशल लेखक, समर्थ संपादक, समालोचक एवं अद्वितीय वक्ता थे।

साहित्यिक-जीवन

'श्रीश' जी की प्रतिभा सर्वसंचारिणी थी, लेखनी में ओज तथा भाषा में सहज सरसता का समावेश। ये जन्मजात कवि थे, बाल्यावस्था से ही काव्य-रचना की सहज प्रवृत्ति प्रकट होने लगी थी। संस्कृत, संस्कृति एवं राष्ट्र, यही थे उनके पाथेय, जिनके कारण इनकी वाणी को मुखर होने का अवसर मिला। सांस्कृतिक तथा राष्ट्रीय भावनाओं का उद्रेक ही था जिसने 'श्रीश' जी को काव्य-कृतियों के रूप में अमर कर दिया। ये हिन्दी और संस्कृत दोनों भाषाओं के अधिकारी विद्वान् एवं सफल कवि थे। इन्होंने संस्कृत और हिन्दी दोनों साहित्यों की सम्यक् रूप से श्रीवृद्धि की। जन्मजात-काव्य-प्रतिभा के कारण 'श्रीश' जी ने अपनी स्वच्छन्द लेखनी को जिस विषय पर चलायी वही जीवन्त होकर, मुखर शाश्वत-सन्देश सुनाने उपस्थित हो गया। इन्होंने लघु गीतों से काव्य-रचना का प्रारम्भ करके प्रबन्धात्मक बड़ी कविता तक उसे प्रतिष्ठित कर दिया। ये शब्द-चमत्कार के युवराज, पद-लालित्य में महाकवि दण्डी के ही जैसे अवतार रहे। कवि को अपनी प्रतिभा एवं काव्य-रचना पर गर्व था, उसने स्वयं को 'सुन्दर काव्य विग्रह (स्वरूपधारी स्वयं काव्य) कहा है।[1] सत्यतः 'श्रीश'जी मूर्तिमान् काव्य-रूप-सदृश ही थे।

---

१. नवावतारो भुवि दण्डिनोऽथवा,
नृमूर्तिमान् सुन्दरकाव्यविग्रहः ॥
—कविवंशवृत्तम्

शब्द तो उनकी रचना में तथैव उपस्थित होते यथा नट अपनी पुतली को जहाँ जैसे चाहा बैठा देता है।

तत्कालीन काव्य-गोष्ठियाँ तथा संस्कृत की पत्र-पत्रिकाएँ 'श्रीश'जी की उपस्थिति से रहित होने पर रसहीन हो जातीं। कोई भी ऐसा काव्य-रसिक न रहा होगा जो इनकी काव्य-रस-माधुरी का भृंग न बना हो। संस्कृत में स्फुट काव्य-रचना श्रीश जी ने न के बराबर की (मात्र एक दो गीत) किन्तु उनकी हिन्दी को ओजस्वी कविताएँ प्रायः उस समय प्रकाशित होनेवाली हिन्दी पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहीं। बाद में संस्कृत पत्रिका 'भारतश्रीः' को इनकी संपादन-कला का सम्बल भी प्राप्त हुआ ये एक कुशल संपादक थे। अल्पवय में जो सम्मान, जो साहित्यिक-गौरव तथा कवि-रूप में जो लोकप्रियता 'श्रीश' जी को प्राप्त हुई, वह इस बीसवीं शताब्दी में अन्य किसी के लिए सम्भव न हो सकी। श्रीकाशी-पण्डित-सभा, वाराणसी ने संवत् १९९१ (सन् १९३४ ई०) में 'सुकविशिरोरत्नम्' की उपाधि से विभूषित कर उनके कवि-रूप की सगर्व अर्चना की और इसी प्रकार, 'संस्कृत-प्रचारक—समिति' प्रयाग संवत् १९९५ (सन् १९३८ ई०) में 'अभिनन्दन-पत्र' समर्पित कर गौरवान्वित हुई थी। वस्तुतः ये विद्वद्-मण्डली के लिए परम गौरव, वाणी, के वरद पुत्र थे। इनकी रचनाएँ ये हैं—विद्रोही, झाँसी की रानी, कालिदास (काव्य) तथा सम्राट् विक्रमादित्य और उनके नवरत्न (शोध कृति)।

कवि-कर्म की सफल परिणति तभी है जब उससे राष्ट्रीय-गति, गौरव एवं सांस्कृतिक-भावों का सहज उद्बोधन के द्वार खुलें और यदि एक-एक पंक्ति, वाणी के प्रत्येक स्वर में उस आत्मबोध की झंकार न सुन पड़ी तो हम उसे मात्र कवि-धर्म की संज्ञा दे सकते हैं—दूसरे प्रकार के कवि-धर्मियों का कभी भी अभाव न रहा है और

प्रस्तुत—काव्य

न रहेगा परन्तु कवि-कर्म के सफल साधक प्रत्येक युग में विरले हुए तथा विरले ही हुआ करते हैं। कवि-कर्म के सच्चे एवं सर्वथा सफल साधकों में से ही एक है कविवर 'श्रीश' जी और उनके कवि-कर्म की कसौटी है, यह काव्य 'प्रताप-विजय'। वही काव्य, वस्तुतः श्रेष्ठ काव्य है जिसमें देश-काल का मूर्तस्वरूप प्रकट होकर पाठक को उसमें रम जाने की प्रेरणा दे सके और जिनकी एक-एक पंक्ति में युग की पुकार का स्वर समाया हो, ऐसा स्वर जिसकी अनुगूंज प्राण-

प्राण में विजली भर दे। 'श्रीश' जी ने प्रस्तुत काव्य के माध्यम से राष्ट्रीय-संस्कृति के वाहक महाराणा प्रताप का गौरव-गान किया, जो युग की प्रवृत्तियों के सर्वथा प्रतिकूल परन्तु कवि-कर्म-साधना का सर्वश्रेष्ठ फल है। सामाजिक-चेतना कुण्ठित थी, परतंत्रता के वशीभूत हमारी भावनाएँ स्वत्व से पल्ला छुड़ा रही थीं, आत्मबोध की दिशा का संकेत करनेवाली ओजस्वी वाणी कहीं मुखर नहीं हो रही थी, समस्त जन-मानस मन-वाणी-कर्म से जर्जर, 'श्रीश' जी ने अपनी वाणी से जागरण का शंखनाद किया।

'प्रताप विजय' वीरभूमि मेवाड़-नरेश वीरपुंगव महाराणा प्रताप के शौर्य-चरित्र का गान है। कवि ने इस शौर्य-गान द्वारा भारतीयों को आत्मबोध कराने का सफल उप-क्रम किया है। मंगलाचरण, स्वकाव्य-परिचय के पश्चात् कवि ने 'उपक्रम-क्रमः' में चित्तौड़ तथा सिसौदिया वंश का गौरवपूर्ण इतिवृत्त कहकर, अभिवन्दना, 'प्रतापी प्रतापः' में महाराणा प्रताप का चरितगान, 'देशदशा' में तत्कालीन भारतीय समाज की कुंठा, 'प्रताप प्रतिज्ञा' में स्वाधीनता-प्राप्ति हेतु उनकी भीषण प्रतिज्ञा–कथन, 'मान–मानहानि' में अकबर के सेनापति मानसिंह का अतिथि के रूप में आगमन, साथ बैठकर भोजन न करना, मान का क्रोध, राणाप्रताप तथा उनके सैनिक की वीरोचित वातचीत; 'राणा-रण-घोषणा' के अन्तर्गत प्रताप द्वारा अपने सामन्त सरदारों को युद्ध की तैयारी करने का संकेत, 'रणांगणे राणा प्रतापः' में राणा प्रताप के युद्ध-कौशल का सेनापति कार्तिकेय, इन्द्र, सहस्त्रार्जुन, आदि की उपमा देते हुए वर्णन, 'कुन्त-कौटिल्यम्' में प्रतापसिंह के अपराजित भाले का, 'चेतक-चक्रमणम्' में वीर अश्व, प्रताप विजयः 'में झाला-माना का प्राणोत्सर्ग, और अन्तिम 'हल्दीघाटी–परिचयः' के अन्तर्गत युद्धस्थली हल्दीघाटी के माध्यम से न केवल राजपूत-गौरव अपितु भारतीय शौर्य को जीवन्त कर देने का प्रयास किया है।

कवि का उद्देश्य चिर-प्रतिष्ठित भारतीय-गौरव का गान कर स्व-अस्तित्व के रक्षणार्थ जागरण की प्रेरणा देना है। काव्य-नायक महाराणा प्रताप हमारे राष्ट्र के जीवन्त स्वरूप रहे, उनके त्याग, तपस्या एवं वलिदान का जो चित्र कवि ने अंकित किया वह हमारी सांस्कृतिक-धरोहर की भूमि है। सोलहवीं शती के अन्तिम महान्

सम्राट् अकबर की अतुलनीय शक्ति से विरोध लेना प्रताप जैसे महासत्त्व के ही योग्य था उनमें इतिहास प्रसिद्ध मेवाड़ का पुंजीभूत शौर्य मूर्तिमान् था—

प्रसन्नचेता बलिनां धुरन्धरः, लसल्ललाटः परिणद्ध-कन्धरः ।
नवाऽब्ज-नेत्रः शरदिन्दु-सुन्दरः स वेषतोऽभूद् भुवने पुरन्दरः ॥

---(प्रतापी-प्रतापः)

प्रसन्नता के कारण पवित्र-हृदय, बलशाली जनों में श्रेष्ठ, तेजस्वी भाल और विशाल स्कन्ध (गर्दन) और नवीन विकसित कमल के समान नेत्र, शरत्कालीन चन्द्रमा के सदृश सुन्दर, वह इस धरती पर स्वरूप में इन्द्र की समानता धारण करने वाला था। यही कारण था जो प्रताप ने स्वतंत्रता-प्राप्ति के लिए भीष्म-प्रतिज्ञा की-प्रभाहत (गरिमा से हीन) हमारे राष्ट्र की महिमा विमल-ज्योतिर्मयी होकर पुनः लोक में जब तक नहीं व्याप्त हो जाती, तबतक कभी भी किसी भी दशा में अपने श्रेष्ठ जन्म-नगर में नहीं जाऊँगा एवं स्वर्ण-निर्मित पात्रों में नहीं पत्र-पुटक में भोजन करूंगा, राजमहल में नहीं, वन में पत्तों से बनी झोपड़ी में निवसूंगा, रत्न-जटित सिंहासन पर नहीं बल्कि तृणों से बने आसन पर भूमि में बैठा करूंगा (प्रताप प्रतिज्ञा)। प्रताप को अपने आत्मबल पर पूर्ण विश्वास है–

जाज्वल्यमान-किरणोऽस्तु दिनेषु चन्द्रः, सूर्यः समुल्लसतु पश्चिम-दिग्प्रदेशात् ।
शुष्कः स्वतो भवतु कल्पतरुः परन्तु, व्यर्था भविष्यति न मद्विहिता प्रतिज्ञा ॥

--(प्रताप-प्रतिज्ञा)

दिन में ही चन्द्रमा की किरणों का प्रकाश छिटकने लगे, सूर्य पश्चिम दिशा की ओर से उदय हो तथा कल्पवृक्ष स्वयं सूख जाय परन्तु यह मेरी प्रतिज्ञा व्यर्थ नहीं हो सकती। नायक राणाप्रताप को राष्ट्रधर्म, कुलधर्म एवं सांस्कृतिक-धर्म के प्रति अगाध-मोह है, ममता है और यही राष्ट्र की संजीवनी है, जिसकी अमिट-रेखा से चित्रित प्रबोध-वाणी, जन-मानस को जागरण एवं आत्मरक्षण के लिए सम्बल प्रदान करती है। जब अकबर-सेनापति मानसिंह को राणाप्रताप के साथ भोजन करने का अवसर न मिलने से अवमानना का अनुभव हुआ, और उसने अहंकारवश उन्हें युद्ध की चुनौती दी, उस समय भी प्रताप विचलित नहीं हुए, और धैर्य पूर्वक सांस्कृतिक-मर्यादा का स्मरण कराने लगे—

वयं क्व वर्णाश्रमधर्म-मर्मगा, सदा सदाचार विचार धारकाः।
स्वजाति-हीनाः कुलधर्मतश्च्युता, क्व हन्त यूयं कृमि-तुल्य-जन्तवः॥
सहं त्वया हन्त ! कृतेऽनुरञ्जने, न किं विरुद्धं जगतीतले भवेत्।
क्व दन्तिनः स्याच्छशकेन मित्रता, क्व जम्बुकः सिंहसखः श्रु तस्त्वया॥

—(मान-मानहानिः)

वर्णाश्रम-धर्म के मर्म को समझनेवाले तथा सदा ही सदाचार-पूर्ण विचारों को धारण करनेवाले कहाँ हम और अपनी जाति से हीन कुलधर्म से गिरे हुए (अलग) कीट के समान जीव कहाँ तुम लोग ? हमें खेद है-तुम्हारे साथ स्नेह-व्यवहार कर यदि तुमको सन्तुष्ट करूँ तो इस संसार में धर्माचरणों के विपरीत आचरण करनेवाला नहीं कहा जाऊँगा, ? निश्चित ही यह कृत्य धर्म के विरुद्ध होगा। सत्य है-अहार-व्यवहार का बर्ताव अथवा मैत्री-भाव सदा समानधर्मा के साथ ही शोभनीय है। प्रताप आगे और कहते हैं—क्या हाथी की मित्रता खरगोश के साथ एवं श्रृगाल को सिंह सखा के रूप में कभी सुना गया है ? असम्भव है। यही नहीं प्रताप को अपने पूर्व-पुरुशों का गौरव प्रत्येक क्षण स्वाभिमानी बनाये रहा—

प्रशस्ततेजा अनघो दृढव्रतः, स राघवः किं न मदीय-वंशजः।
निहत्य युद्धे किल योऽत्र रावणं, महीतलं चारु चकार शीतलम्॥

—(राणा-रणघोषणा)

प्रशस्त तेजवाला, अकलुष, और दृढ़व्रती वह राम क्या हमारे वंशज नहीं थे ? जिन्होंने इसी भूमि पर युद्ध में रावण का वध करके धरती तल को सुरम्य एतं शीतल कर दिया। प्रताप को गर्व है पूर्व पुरुष रामचन्द्र तथा उनके शौर्य-कृत्यों पर, उनका स्पष्ट संकेत है—यदि इसी धरती पर रामने राक्षसराज रावण का विनाश किया तो क्या हम इन राक्षसकर्मी यवनों को नष्ट कर अपनी जन्मभूमि को पुनः सुख-सरसाने वाली नहीं बना सकते ? निश्चित ही हम पूर्वजों के प्रताप से सफल होंगे। यवनों के अनाचारों से उनका हृदय क्लेशापन्न है, वह सोचते हैं—

मदीयदेशोऽस्म्यहमेव भूपतिः प्रसिद्धमेतद्वसुधातलेऽस्त्यलम्।
कथं न लज्जाऽद्दह मां न बाधते, यदद्य देशो यवनैर्वशीकृतः॥

—(राणा-रणघोषणा)

हमारा देश है, हम इसके नृपति (शासक) हैं, यह हमारा देश धरतीतल पर प्रसिद्ध है, आज मुझे लज्जा का अनुभव क्यों न हो, कष्ट क्यों न पहुँचे, जो यह देश यवनो के अधिकार में चला गया है। अपनी जन्मभूमि के कष्ट-निवारणार्थं वह राजपूत-वीरों का आवाहन करते है—

आयातु स प्रकटयन् वलमत्युदारं, कर्तुं समर्थं इह यो व्रतमासिधारम्।
क्रीडास्थलीव किल यं समरस्थली स्यात्, किं वा विषाद इह यस्य कृते प्रसादः।
आयातु स प्रवलवानिह साऽभिमानं कृत्वा स्वदेश-चरणे मृदु-मौलि-दानम्।
वक्षः क्षताज्जनित-शोणित-विन्दुभिर्यः, निशाशङ्कमङ्कयतु गौरव-गर्व-गानम्॥

(राणा-रणघोषणा)

अपने वल-पौरुष को प्रकट करते हुए वह आयें जो खड्गहस्त होने का व्रत लेने में समर्थ हों, जिसके लिए रणभूमि के क्रीडाभूमि समान प्रतीत हो अथवा जिसके लिए विषाद भी प्रसाद (हर्ष) के सदृश रहे (जो कष्ट पड़ने पर भी प्रसन्न रहते हों)। और वल पौरुष-वाला वह आये जिसने अभिमान-सहित स्वदेश के लिए अपने शीश का दान कर चुका हो, जो विदीर्ण-छाती से निकलते रक्त--विन्दुओं द्वारा निःशंक हृदय निज गौरव का गान सगर्व अंकित करे।

हमारा दुर्भाग्य कि कवि तीस वर्ष की अल्पायु ही में दिवंगत हो गया अन्यथा सशक्त-भाषा निवद्ध सुन्दर महाकाव्य संस्कृत-साहित्य को मिलता। 'प्रताप—विजयः' समग्रतः अध्ययनोपरान्त एक महाकाव्य का ही प्रारूप प्रतीत होता है। प्रारूप मात्र रूपी इस वीर रस प्रधान काव्य की एक-एक पंक्ति मनोगत सुप्त-भावों को उभार कर धमनियों में उष्ण-रक्त का सञ्चार करने में सर्वथा समर्थ हैं। वीररसात्मक यह काव्य माधुर्य, लालित्य, सरसता, सरल परन्तु प्राञ्जल भाषा-प्रवाह से सनाथ होने के कारण हमें रसानन्द में निमग्न कर देता है। यद्यपि काव्य का मुख्य प्रयोजन वीररस की अभिव्यक्ति द्वारा कातर-मन भारतीयो के पौरुष को जीवन्त करना रहा इस कारण काव्य-सौष्ठव पर विचार करना विषयान्तर ही कहा जायगा, तथापि रसाभिव्यक्ति-पूर्ण पदों की मधुर-योजना, गूढ़ातिगूढ-शब्दालंकारों की प्रकृत-छटा, अर्थालंकारों का सुन्दर-प्रयोग, सर्वत्र रस का सहज परिपाक कवि-प्रतिभा के परम परिपोषक-स्वरूप उपस्थित हैं। हमारी कवि-परम्परा में कवि स्रष्टा के साथ-साथ भविष्यद्रष्टा भी रहा है, वर्त-

मान काल की स्थिति परिस्थितियों में रमकर जब वह वाणी का साहचर्य प्राप्त करना है तो भूत, वर्तमान को आत्मसात् करते हुए भविष्यत् के भी कपाट खोलने में अभास की किरणें बिखेर देता है। 'प्रताप विजयः' के कवि ने भी भारत राष्ट्र के स्वाधीन होने की कल्पना की, उस ससय वह परिहास ही चाहे प्रतीत हुई हो परन्तु आज वह हमारे समक्ष प्रथक्ष है—

शोकं विधेहि नहि भारतभृंग ! नूनं, यत्पारतंत्र्य-रजनी गतपद्म-बद्धः ।
भूयो भविष्यति चिराय सखेऽधुनैव, स्वातंत्र्य-सूर्य-किरणारुण-सुप्रभातम् ।।

(प्रताप-प्रतिज्ञा).

परतंत्रता रूपी रजनी के कारण कमलकोश में बद्ध हे भारतभृंग ! शोक करने की आवश्यकता नहीं है, सखे ! अभी (अत्यन्त शीघ्र ही अनन्तकाल के लिए स्वतंत्रता के सूर्य की किरणों से अरुण (स्वर्णिम) प्रभाव होगा। शब्दों के साथ भावों का सहज नर्तन, कवि-रचना की अनुपम चातुरी कि वर्ण्य वस्तु अथवा दृश्य मूर्तिमान् प्रतीत होने लगता है, आँखे जैसे दृश्य-दर्शन से सनाथ हो रही हों—

खड्गेन खण्डयति कोऽपि विपक्षि-पक्षं, कश्चित्करोति कुटिलच्छुरिकाप्रहारम् ।
कश्चिद्भिनत्ति किल सिंहनखेन कश्चित् कश्चित् कृपाणफलकेन खलं छिनत्ति ।

(प्रताप-विजयः)

युद्ध का वर्णन है— राजपूत और यवन-सेनाओं में परस्पर घमासान हो रहा है, कवि राजपूत-सैनिकों के लाघव का कथन कर मानो हमें समर स्थल में घुमा रहा हो महा-पराक्रमी राणापताप का कोई राजपूत-वीर अपने खड्ग के भीषण-प्रहार से शत्रु-पक्षीय वीर को खण्ड-खण्ड करता, कोई तीव्रतर-धारवाले छुरा-द्वारा आघात करता, कोई बघनख से किसी को छेद डालता और कोई अन्य वीर तलवार की तीक्ष्ण धार से दुष्ट मुगल शत्रु को काट देता। इसी प्रकार का एक दृश्य और जब महाराणा प्रताप अपनी सेना को व्यूह में नियमित करके, स्वयं कराल-काल के समान रणभूमि में विहरते तो—

अश्वः क्वचित्पतति मर्दित-मुग्ध-मुण्डः, दन्ती क्वचिन्नदति कर्तित-दीर्घ-शुण्डः ।
एवं रिपून् स पशुमारमारयद्धा वद्धाकृसि-प्रकट-सङ्गर-सङ्ग-चण्डः ।।

(प्रताप-विजयः)

व्यूह-रचना द्वारा महाराणा प्रताप के युद्ध करते समय रणस्थल में शत्रु-पक्ष के अश्व कहीं शस्त्राघातों से त्रस्त होकर (जिनका मस्तक कुचल उठा) कट-कट कर गिर पड़ते, कहीं हाथी विशाल सूड़ के कट जाने से घायल हो चिग्घाड़ उठते थे । इस प्रकार राजपूत—सैनिकों के साथ प्रतापसिंह शत्रु-यवनों को पशु के सदृश मार-मार कर धराशायी कर रहे थे । प्रताप के अश्व 'चेतक' का वर्णन कितना सजीव है—'विप के कारण उन्मत्त (मतवाले) सर्प के सदृश फूफकार करते, अपनी पीठ पर राणाप्रताप को प्रतिष्ठित किये हुए भीषण (भयानक), उसने (चेतक ने) रण-स्थली में अपनी गति का सञ्चार प्रारम्भ कर दिया (चेतक चङ्क्रमणम्) और फिर वह—

अलक्षिताऽशान्तगतागतिः सदा, रणाग्नि ! मध्ये तृण-पुञ्ज-दायकः ।
भनतं बैरि-व्रज-मौलि-मण्डले, स मूर्तिधारी रणचक्रवक्रिमा ॥

—(चेतक-चङ्क्रमणम्)

वह कभी आँखों से ओझल हो जाता, कभी अशान्त (क्रुद्ध) गतिमान्, कभी एक स्थान पर स्थिर, इस प्रकार प्रत्येक क्षण रणरूपी अग्नि में तृणराशि छोड़ता हुआ (युद्ध को भयानक बनाता हुआ) शत्रु-पक्ष के श्रेष्ठ-वीरों के समूह में चक्र के समान वक्र गति से चलता हुआ मूर्तिमान् 'चक्र' की-सी प्रतीति उत्पन्न कर रहा था ।' हल्दीघाटी-परिचयः' में कवि भारतीय-पौरुष को हल्दी घाटी के मुख से चुनौती दिला रहा है—'परतन्त्रता के उपासक अरे कायरों' मेरा स्पर्श मत करो, जिसने आज भी जन्मभूमि को स्वतंत्रता नहीं प्राप्त करायी" जहाँ वृक्षों की पंक्तियाँ शाखा समूहों द्वारा मर्मर-ध्वनि करती इस प्रकार कहती रहती हैं' । कवि पुनः अन्त में उस भीषण रणस्थली का परिचय किन शब्दों में दे रहा है—

सैषा स्थली चकित-चेतक-चंक्रमाणां, सैषा स्थली कुटिल-कुन्त-पराक्रमाणाम् ।
सैषा स्थली प्रियतमाऽप्यसुतोऽमराणां, सैषा स्थली भयकरी नर-पामराणाम् ॥

—(हल्दीघाटी-परिचयः)

यह वह स्थान है—जहाँ विपक्षियों को अचम्भित करते हुए चेतक विचरा, यह वही स्थान है जहाँ भीषण भाले का पराक्रम विखरा, यह वही स्थान है जो प्राण से भी अधिक देवगणों को भी प्रिय है और यह वह स्थान है जो कायर-जनों के लिए भय उत्पन्न करने वाला है ।

'श्रीश' जी शब्दप्रयोग के तो राजकुमार रहे ही, साथ ही उनके काव्य में अर्थ चमत्कार के भी दर्शन होते हैं। अर्थ-चमत्कार-जनित उपमा, रूपक, श्लेष अलंकारों का प्रयोग मिलता है—

धुरन्धरेण ध्वनिनाऽऽप्रधर्षिणा, चंचच्चलेनाऽऽचलेन चारुणा।
विपक्ष-पक्ष-क्षतिकारिणाऽङ्घ्रिणा स चेतकोऽभूद्युधि चेतकोपमः॥

(चेतक-चङ्क्रमणम्)

युद्ध में 'चेतक' 'चेतक' के ही समान है, कितनी समीचीन 'असाधारणोपमा' प्रयुक्त है। इसी प्रकार 'विशालवक्षा......हठान्वितान्', 'अकिञ्चनै......जनैः', 'शोकं-विधेहि......सुप्रभातम्', 'एव सुरासुराणामथवाऽत्र......नायकः', 'मदोत्कटो...एवार्जुनः' आदि में उपमा, रूपक तथा 'नीहार-सार...वदाऽम्ब', 'मातर्निसर्गं......मूर्तिम्', 'सञ्चार कलयाऽन्वितोऽपि', 'सुरक्त......कस्य सः' आदि में शब्द-सौष्ठव उलेख्य है।

प्रताप विजयः काव्य का प्रकाशन कवि के जीवन-काल में ही हो गया था, किन्तु पुनर्मुद्रण न हो न सका। काव्य की उत्कृष्टता को देखते हुए साहित्य-मर्मज्ञ श्री प्रभातशास्त्री (संपादक 'संगमनी', प्रयाग) ने इसे संपादित कर पत्रिका में प्रकाशित किया। हर्ष का विषय है कि साहित्य अध्येताओं ने इसका स्वागत किया। विश्व-विद्यालयों ने इसे पाठ्यक्रम में स्थान भी दिया। छात्रों के लिए यह विशेष उपयोगी बन सके, इस कारण इसे सानुवाद प्रकाशित करना पड़ा। अनुवाद करते समय कवि-भाव एवं छात्र-बुद्धि-का ध्यान रखा गया है। यत्र-तत्र भाव-बोध के लिए बुद्धि-व्यायाम भी करना पड़ा है। अनुवाद-विषयक-सुझावों का सहर्ष स्वागत है।

भाद्रपद (अधिकमास)
२०३१ वि०
दारागंज, प्रयाग—६

शिवशङ्कर त्रिपाठी

सरस्वती-स्तवः

[आत्म-निवेदनम्]

पूर्णेन्दुसुन्दर-मुखि ! प्रतिभाऽभिरामे !, वामे विधेः, सुवचसां वचसां विरामे ।
गीर्वाणवाणि ! भुवनाऽऽभरणं भवत्याः, वन्दे दयाऽऽर्द्रचरणं शरणं जगत्याः ॥

अन्वय—पूर्णेन्दुसुन्दर-मुखि, प्रतिमाऽभिरामे, विधेः वामे ! सुवचनां वचसां विरामे ! गीर्वाणवाणि ! भुवनाऽऽभरणं, जगत्याः शरणं, भवत्याः दयार्द्रचरणं वन्दे ।

पूर्णमासी के विकसित चन्द्रमा के समान मुखवाली, सुन्दर प्रतिभा की भूमि, सुकविजनों की वाणी में रमण करने वाली ब्रह्माणी ! भुवनों (लोक) के लिए आभूषण-स्वरूपा, (लोक की शोभा) जगत् के प्राणियों के लिए शरण स्थान हे गीर्वाणवाणि ! तुम्हारे दयार्द्र चरणों (भक्तों के लिए द्रवित होने वाली) की मैं वन्दना करता हूँ ।

नाऽऽलोक्यते क्वचन सत्प्रतिभा-प्रकाशो, भासोऽथवाऽमरमणिः कविकालिदासः ।
तन्मे पुनर्जननि ! सर्जनमर्जयन्ती, किम्मन्यसे न भविता कविता-विलासः ॥

अन्वय—सत्प्रतिभाप्रकाशः भासः अथवा अमरमणिः कविकालिदासः (इदानीं) क्वचन न आलोक्यते, तत् हे जननि ! मे सर्जनं अर्जयन्ती (त्वं) किं न मन्यसे (यत्) पुनः कविताविलासः भविता ।

सम्प्रति भास अथवा अमरमणि कवि कालिदास की-सी प्रतिभा का प्रकाश यदि कहीं दिखायी नहीं पड़ता, तो फिर हे जननि ! तुम तो सृष्टि करने वाली हो, क्या यह मान लेना उचित है कि कविता का विलास सम्भव ही नहीं है (क्या काव्य-रचना नहीं की जा सकती ? तुम्हारी कृपा की आवश्यकता है, और पुनः वैसी काव्य-प्रतिभा का प्रकाश दिखायी पड़ेगा) ।

केषांचिदस्तु कमला कमलाऽऽयताक्षी, केषां च शम्भुसुमुखी सुमुखीषु मान्या।
अस्मत्कृते तु जननी जननि ! त्वमेका, यत्पाययेः शम-करं मकरन्दविन्दुम् ॥

अन्वय —केषाञ्चिद् कमलाऽऽयताक्षी कमला, केषां च सुमुखीषु मान्या शम्भु सुमुखी अस्तु। हे जननि ! तु अस्मत्कृते त्वं एका जननी (अस्ति) यत् शमकरं मकरन्द-विन्दुं पाययः।

जननि! किसी के लिए तुम कमल-सदृश प्रफुल्ल नेत्रों वाली कमला हो, किसी के लिए सुमुखियों में श्रेष्ठ माता पार्वती परन्तु मेरे लिए एक मात्र तुम ही जननी हो क्योंकि शान्ति-प्रदायक मकरन्द-विन्दुओं का मैं पान कर चुका हूँ। (शान्ति लाने वाली तुम्हारी कृपा का प्रथम आभास मैं पा चुका हूँ।)

तं कल्पना-गत-कला सकला व्रजन्ति, भावा गुणेन सहिता अपि तं नु यन्ति।
दासोपमा नव-रसा अपि तं भजन्ति, सर्वं विहाय भवतीं भुवि ये यजन्ति ॥

अन्वय—ये भुवि सर्वं विहाय भवतीं यजन्ति, सकलाः कल्पनागतकलाः तं व्रजन्ति, गुणेन सहिताः भावाः अपि तं यन्ति, दासोपमाः नवरसाः अपि तं भजन्ति नु।

सबका त्याग कर जो जन तुम्हारी उपासना करता है, उसके लिए कल्पना में आने वाली सभी कलाएँ सहज हैं, गुणों के सहित सभी भाव भी आ जाते हैं एवं नवों रस (श्रृंगार, वीर, रौद्र, भयानक, करुण आदि) दास के समान उसका अनुगमन करते हैं।

द्वेधा कथं कथय ते कृपया कृपा यत्, मेधाविनामनुपमो विहितः स वेधाः।
प्रातःस्तवम्प्रकुरुतेऽनुदिनानि मातः! जातः कथं न शिशुरेष तवाङ्कतातः॥

अन्वय—हे मातः ते कृपा कथं द्वेधा, (भवितुं शक्नोति) यत् ते कृपया सः वेधाः मेधाविनाम् अनुपमः विहितः। एषः शिशुः (अपि) अनुदिनानि प्रातः स्तवम् प्रकुरुते। [अतः एषः शिशुः] तव अङ्क-तातः कथं न जातः।

तुम्हारी कृपा से ब्रह्मा बुद्धि एवं प्रज्ञावानों में अनुपम बन गये, कृपया बताओ मेरे लिए यह कृपा क्यों नहीं हो रही है, अम्ब ! मैं दिन प्रति-दिन प्रातः तुम्हारा स्तवन करता हूँ, फिर यह मै तुम्हारा प्रिय पुत्र क्यों नहीं हो सका ? बताओ, यह दो प्रकार की कृपा-दृष्टि क्यों ?

यद्यप्यहं कृत-परश्शत-पाप-पीनः, मातस्तथापि शिशुरस्मि नु तावकीनः॥
तन्मे कृपां कुरु कृपामयि ! यद् लसद्धा, मद्-भारती भवतु भारत-भूमि-भूषा॥

अन्वय—हे मातः यद्यप्यहं कृतपरश्शत-पापपीनः (अस्मि) तथा तावकीनः शिशुः नु अस्मि । तत् हे कृपामयि ! मे कृपां कुरु, यत् लसद्भा मद्-भारती भारतभूमि-भूषा भवतु ।

भले ही मैं कलुष, पाप-भार से लदा हुआ हूँ, तथापि जननि ! तुम्हारा ही शिशु हूँ इसलिए हे कृपामयि ! मेरे ऊपर कृपा करो जिससे प्रकाश प्राप्त कर मेरी वाणी भारत-भूमि के लिए शृंगार बन सके ।

स्मृत्वा स्थलाम्बुरुह-कोरक-कोमलान्त्वां, तेजोमयीं कनकचम्पकगुच्छगौरीम् ।
यातोऽस्मि कामपिदशांविषमां यथाऽहं, सम्मोहितोऽस्मिजडितोऽस्म्यपरीकृतोऽस्मि ॥

अन्वय—(अहं) स्थलाम्बुरुहकोरककोमलां, कनकचम्पकगुच्छगौरीं, तेजोमयीं त्वां स्मृत्वा कामपि विषमां दशां यातः (अस्मि) यथा अहं सम्मोहितः अस्मि, जडितः अस्मि, अपरीकृतः अंस्मि ।

जननि ! पाटल (गुलाब) की कलिका-सदृश कोमल ओर स्वर्ण वर्ण चम्पक के गुच्छे-सी गौर वर्ण, (तेजस्विनी,) दोनों रूपों में तुमको स्मरण कर, कर के मैं किस दशा को प्राप्त हो गया हूँ, सोचो, तुम्हारे मोहक रूप से मोहित होकर जडवत् स्वयं को ही विस्मृत कर बैठा हूँ ।

पीयूषिणां विषवताञ्च मदाऽञ्चितानां, श्यामारुणोज्ज्वलतया समलंकृतानाम् ।
लीलावतामलसपक्ष्मललोचनानां, मातः ! भविष्यति कदा मयि पक्षपातः ॥

अन्वय—हे मातः पीयूषिणां विषवतां मदाञ्चितानां च श्यामारुणोज्ज्वलतया समलङ्कृतानां लीलावतां अलसपक्ष्मललोचनानां पक्षपातः मयि कदा भविष्यति ।

जननि ! श्याम, अरुण एवं उज्ज्वल वर्ण रूप, विष (हालाहल) मद तथा अमृत से विभूषित लीलामय-सवल-भृकुटि—सनाथ अलसाये तुम्हारे नेत्र, उन नेत्रों से मेरे ऊपर तुम पक्षपात कब करोगी ? मुझे अपनी आँखों के कृपामय-कोर का पात्र कब बनाओगी ।

नीहार-सार-शिशिरं श्वसितं त्वदीयं, तन्मन्द-मन्द-मधुरं हसितं त्वदीयम् ।
तद् दुग्ध-मुग्ध-वदनं सदनं सुखानां, लब्धा स्तनन्धय-शिशुर्नुकदा वदाऽम्ब !

अन्वय—हे अम्ब ! वद (अयं) स्तनन्धय-शिशुः नीहार-सार शिशिरं त्वदीयं श्वसितं, तत् मन्द-मन्द मधुरं त्वदीयं हसितं सुखानां सदनं तद दुग्ध-मुग्ध-वदनं कदा लब्धा ।

अम्ब ! बताओ, शिशिर कालीन तुषार-कण-सदृश निःश्वासो, मन्द-मन्द मधुर हास से युक्त दुग्ध-धवल, सुखों की भूमि तुम्हारे मुख का दर्शन इस दुधमुंहे शिशु को कब मिल पाया ?

मातर्निसर्गशशिशीतल-शुक्ति-शुक्ले !, मन्मुग्ध-मानस-मनोहर-राजहंसि ! ।
लावण्य-लालसित-लोचनलोक-लक्ष्मीं-द्रक्ष्यामि भारति ! कदा तव मञ्जु-मूर्तिम् ।।

अन्वय—निसर्ग-शशि-शीतल-शुक्ति-शुक्ले ! मन्मुग्धमानस-मनोहर-राजहंसि ! भारति ! तव लावण्य-लालसितलोचनलोकलक्ष्मीं मञ्जुमूर्तिं कदा द्रक्ष्यामि ?

चन्द्रमा के समान प्रकृत्या शीतल, शुक्ति (सीपी)—सदृश धवलवर्ण, मुग्ध मेरे हृदय रूपी मानसरोवर की राजहंसि ! सौन्दर्य से विलसित नेत्र रूपी संसार की लक्ष्मी के समान तुम्हारी मनोहर मूर्ति का हे भारति ! दर्शन मैं कब प्राप्त करूँगा ?

सञ्चार-चारु-चिकुराऽञ्चितमाननन्ते, विस्मारितेऽपि नहि विस्मृतिमेति मातः !
संवीक्ष्य यद्रुचिरतां गगनेऽपि चन्द्रो, मन्दोऽभवत्सकलया कलयाऽन्वितोऽपि ।।

अन्वय—हे मातः ! ते सञ्चारचारुचिकुराञ्चितम् आननं विस्मारितेऽपि विस्मृतिं न एति हि । यद्रुचिरतां संवीक्ष्य गगने अपि सकलया कलयान्वितोऽपि चन्द्रः मन्दः अभवत् ।

सुन्दर, घुंघुंराले केशों से शोभित तुम्हारा मुख, जिसकी सुन्दरता को देखकर समस्त कलाओं से युक्त गगन-स्थित चन्द्रमा भी मन्द पड़ जाता है, भुलाने पर भी मैं भुला नहीं पा रहा हूँ ।

मन्ये न ते प्रभवितास्मि निबद्धवेणी-श्रेणीभरे, विकच-कोकनदः कदापि ।
किन्तेन मञ्जुतम-मञ्जिमनूपुरेऽपि, प्राप्स्यामि किन्नहि पदं कलशिञ्जितानाम् ।।

अन्वय—(अहं) विकचकोकनदः ते निबद्धवेणी-श्रेणीभरे कदापि प्रभविता न अस्मि । (इति) मन्ये । मञ्जुतम-मञ्जिमनूपुरेऽपि (अहं) कलशिञ्जितानां पदं किं न प्राप्स्यामि हि ? (यदि न प्राप्स्यामि) तेन किम् ?

ठीक है, यह तो मैं मानता हूँ कि पंक्तिबद्ध सुन्दर केशों से गूँथी वेणी से युक्त लाल कमल के सदृश तुम्हारे मुख का दर्शन नहीं पा सकता तो क्या सुन्दर नूपुरों की मंजु ध्वनि से झंकृत चरणों का भी दर्शन न प्राप्त कर सकूंगा ? (चरणों के दर्शन करने का भी पात्र मैं नहीं हूँ ?) तथापि चिन्ता नहीं ।

भाषा स्वभाव-सरसा त्वमहं प्रसङ्गः, मन्दाकिनी मधुमयी त्वमहं तरङ्गः।
मन्दार-बालकलिका त्वमहं तदङ्गः, ज्योतिर्मयी विजयसे त्वमहं पतङ्गः ॥

अन्वय—हे मातः ! त्वं स्वभावसरसा भाषा अहं प्रसङ्गः। त्वं मधुमयी मन्दाकिनी अहं तरङ्गः। त्वं मन्दारबालकलिका अहं तदङ्गः। त्वं ज्योतिमयीं विजयसे अहं पतङ्गः।

जननि ! तुम यदि स्वाभाविक सरस भाषा-स्वरूपा हो तो मैं प्रसंग, मधुमयी मन्दाकिनी तो मैं उसकी लहर, मन्दार की अविकसित कली तो मैं उसका अंग एवं तुम यदि विजयदायिनी ज्योतिर्मय-स्वरूपा हो तो मैं उस पर मुग्ध शलभ के समान हूँ।

पूर्णाऽसि वाणि ! रजनी त्वमहं शशाङ्कः, विद्युच्छटाऽसि तदहं सजलो घनाङ्कः।
कस्तूरिका त्वमसि चेत्तदहं मृगाङ्कः, त्वं याऽसि साऽसि परमेष शिशुस्तवाङ्कः ॥

अन्वय—हे वाणि ! त्वं पूर्णा रजनी असि अहं शशांकः (अस्मि) (त्वं) विद्युच्छटा असि तत् अहं सजलः घनाङ्कः (अस्मि)। चेत् त्वं कस्तूरिका असि तत् अहं मृगाङ्कः (अस्मि)। त्वं या असि सा असि परं एषः शिशुः तव अङ्कः (अस्ति)।

वाणि ! तुम यदि पूर्णिमा की रात्रि हो तो मैं उसमें प्रकाशित चन्द्रमा, विद्युत की छटा हो फिर मैं जल से पूर्ण बादलरूपी-अंकस्थल (बादल), हूँ और कस्तूरिका हो तो मैं मृग तथा तुम जो हो, सो हो मैं तुम्हारे क्रोड़ का शिशु ही हूँ।

चेच्चन्द्रिकाऽसि तदहं चटुलश्चकोरः चेत्त्वं नवाम्बुदघटा तदहं मयूरः।
कल्याणि ! कल्पलतिकाऽसि तदाऽस्मि रेणोरन्वेषणातुर-तरो रस-रञ्जनोऽहम् ॥

अन्वय—(त्वं) चन्द्रिका असि चेत् तत् अहं चटुलः चकोरः (अस्मि)। त्वं नवाम्बुदघटा (असि) चेत् तत् अहं मयूरः (अस्मि)। हे कल्याणि ! (यदि त्वं) कल्पलतिका असि तदा अहं रेणोः अन्वेषणातुरतरः रस-रञ्जनः (अस्मि)।

यदि तुम चन्द्रिका हो तो मैं उस पर आसक्त चकोर, यदि तुम नव जलधरों की पंक्ति तो मैं मयूर तथा हे कल्याणि ! यदि तुम कल्पलता हो तो मैं मकरन्द के लिए आकुल (रस पान-हेतु आतुर) रसिक हूँ। (कविता-रस की खोज करनेवाला साधक हूँ।)

भूयो निनादय, निनादय वाणि ! वीणां, चञ्चच्चराचरविमोहविधौ प्रवीणाम्।
यन्निस्सरत्स्वरसुधा—रसपान - मत्तः, भूयात्तवायमजरः शिशुरीशदत्तः ॥

अन्वय—हे वाणि ! चञ्चच्चराचरविमोह-विधौ प्रवीणां वीणां भूय: निनादय निनादय! यन्निस्सरत्स्वर सुधा-रसपान-मत्त: अयं तव शिशु: ईशदत्त: अजर: भूयात् ।

हे वाणि ! चराचर (जगत्) कों मोहित करने की विधि में प्रवीण, वीणा की ध्वनि पुन: मुखरित करो, जिसके स्वर रूपी-सुधा-रस के पान द्वारा विह्वल यह तुम्हारा शिशु 'ईशदत्त' अजर हो जाय ।

•

लेखनीं प्रति

अयि लेखनि ! लिख्यतां तथा, वरवीरस्य यथा यथा कथा ।
क्रियतां च तथा विचारणा, प्रभवेदद्य यया सुधारणा ॥

अन्वय—अयि लेखनि ! यथा यथा वीरवरस्य कथा (अस्ति) तथा विलिख्यताम्, तथा विचारणा क्रियतां, यया अद्य सुधारणा प्रभवेद् ।

वीरश्रेष्ठ की जैसी भी जिस प्रकार कथा है, उस रूप में हे लेखनि ! अंकित करो एवं विचारों की ऐसी सरणि का प्रसार करो जिससे आज, अब सुखद धारणा व्याप्त हो उठे । (जन-जन के मानस में सुविचार उत्पन्न हों ।)

प्रभवेर्न मृषा विलेखने, क्वचनाऽपि प्रबले ! मम प्रिये !
न च हिन्दुमताभिघातिनी, यवनानां न च पक्षपातिनी ॥

अन्वय—हे प्रबले मम प्रिये (लेखनि) क्वचन अपि मृषा विलेखने न प्रभवे: । हिन्दुमताभिघातिनी च न (प्रभवे:) । यवनानां पक्षपातिनी च न (प्रभवे:) ।

हे मेरी प्रिय लेखनि ! प्रबले ! (सब कुछ लिखने में सक्षम) किंचिदपि असत्य अंकन करने में उद्यत न हो—तुम न तो हिन्दू जाति के मतों पर आघात करो एवं न यवनों का पक्ष समर्थन करो ।

कथमेतदलम्प्रभा - रतं, भुवनेऽभूदधुना प्रभा-हतम् ।
कवि-कल्पलते ! विलिख्यताम्,—इति सर्वं सुविविच्य निर्भयम् ॥

अन्वय—हे कवि कल्पलते ! अलं प्रभारतं एतद् (भारतवर्षम्) अधुना भुवने कथम् प्रभाहतम् अभूत् इति सर्वं निर्भयं सुविविच्य विलिख्यताम् ।

कविगण के लिए कल्पलता-सदृश हे लेखनि ! निर्भय हो कर भलो-भाँति विवेचन द्वारा स्पष्ट कर दो कि भुवनमात्र (जगतीतल में) के लिए प्रभा का विस्तार करने वाले हम (देशवासी) आज हतप्रभ (श्री से रहित) क्यों हो रहे हैं ?

•

क्षणं समीक्षणम्

न या स्वकीयं विजहाति भारतं, मदानने नृत्यति चाऽप्यनारतं।
सरस्वती सा जननीव मद्वच :, कथं न कुर्यात् प्रतिभा-प्रभा रतम् ॥

अन्वय—या स्वकीयं भारतं न विजहाति (या) मदाननेऽपि अनारतं नृत्यति च जननी इव सा सरस्वती मद्वच: प्रतिभा-प्रभा-रतं कथं न कुर्यात् ।

जननी सदृश जो सरस्वती अपने भारत (देश) को त्यागती नहीं और जो हमारे मुख- मण्डल (वाणी में) पर अविराम-भाव से विराजमान (नृत्य करती) रहती हैं, वह हमारी वाणी को प्रतिभा के प्रकाश से परिपूर्ण क्यों न करेगी ? (कवि को सरस्वती पर पूर्ण आस्था है ।)

भणच्चलच्चित्रपटप्रिये जने, वृथा यथा शास्त्र–पुराण–जल्पना ।
तथाऽद्य यूनां निवहे प्रभा-हते, वृथाऽस्मदीया रण-कीर्ति-कल्पना ॥

अन्वय—यथा भणच्चलच्चित्रपटप्रिये जने शास्त्रपुराणजल्पना वृथा, तथा अद्य प्रभाहते यूनां निवहे अस्मदीया रणकीर्ति-कल्पना वृथा ।

चलचित्र-प्रेमी जन के सामने जिस प्रकार शास्त्र-पुराणों की चर्चा करनी व्यर्थ होती है उसी प्रकार तेज-विहीन तुम सबके लिए (भारतीय हीन-पौरुष जनों के समक्ष) यह रण-कीर्ति विषयिणी हमारी कल्पना तक व्यर्थ प्रतीत होती है ।

प्रतापसिंहस्य तथाऽपि वर्णना, मया यथाशक्ति स-भक्ति चित्रिता ।
पवित्रिता भारतभूरियं, यया, पवित्रयिष्यत्यथ किन्न साऽद्य माम् ॥

अन्वय—तथाऽपि मया यथाशक्ति सभक्ति प्रतापसिंहस्य वर्णनाचित्रिता । यया इयं भारतभू: पवित्रिता । अथ अद्य सा (वर्णना) किं माम् न पवित्रयिष्यति ।

तथापि प्रतापसिंह के चरित्र का चित्रण यथाशक्ति श्रद्धा-भक्ति-पूर्वक जो भी मैंने किया, और जिस चरित्र से यह भारत-भूमि पवित्र हुई है, वह क्या मुझे आज पवित्र नहीं करेगा ? (तात्पर्य है कि उस चरित्र का गान कर मेरी वाणी पवित्र हो जायगी)।

न यस्य देशे, रतिरत्यनुत्तमा, न वा स्वधर्मं व्यथयाऽऽकुलम्मनः ॥
न तत्कृतेऽसौ सफलो मम श्रमः, किमस्तिमिष्टं कपये पयः क्वचित् ॥

अन्वय—यस्य रतिः देशे अनुत्तमा नास्ति (यस्य) मनः स्वधर्मं व्यथया आकुलं न वा। तत्कृते मम असौ श्रमः सफलः न। किं क्वचित् कपये पयः मिष्टम् अस्ति ?

जिस देश के निवासियों का हृदय अनुत्तम (निन्दित घृणित अथवा राष्ट्रीय कार्यों के प्रति) कृत्यों में रत नहीं होता अथवा हृदय स्वधर्म-पालन की चिन्ता में व्याकुल नहीं रहता, उनके लिए मेरा यह श्रम (यह काव्य-कृति) उसी प्रकार सफल नहीं है (रुचिकर न प्रतीत होगा) जिस प्रकार बन्दर को दूध के मधुर-स्वाद का अनुभव नहीं होता।

अलंकृतिर्नैव, रसो, गुणोऽथवा, न रीतिरत्रास्ति तथाप्यसौ कृतिः।
न कस्य मोदं वितनोत्यदूषणा, विभूषणाऽप्यङ्कगता वधूरिव ॥

अन्वय—अत्र अलङ्कृतिः नैव (अस्ति) रसः गुणः अथवा रीतिः (अपि) नास्ति। तथापि विभूषणापि अङ्कगता वधूरिव असौ अदूषणा कृतिः कस्य मोदं न वितनोति ?

इसमें न अलंकार हैं, न रस अथवा इसमें गुण हैं तथा काव्य-रीति का भी निर्वाह इसमें नहीं है तथापि यह कृति किसके लिए मोद (आनन्द) की सृष्टि नहीं कर सकती ? (अर्थात् रसिक सहृदय के लिए रसानन्द कारक है) उसी प्रकार, जैसे रूपवती वधू आभूषण से हीन होने पर भी आनन्द का ही कारण बनती है।

मनोजमूर्च्छन्मदिरा-मदालसाः, मनोज्ञ – 'हाला' —रसपानलालसाः।
पठन्तु वा नैव पठन्तु का क्षतिः वृथैव तेषां य विधीयते नतिः ॥

अन्वय—मनोजमूर्च्छन्मदिरामदालसा, मनोज्ञ 'हाला' रसापानलालसा (जनाः) (इमां कृति) पठन्तु वा नैव पठन्तु। वृथैव तेषां नतिः न विधीयते।

कामदेव के समान जड़ता को प्राप्त कराने वाली मदिरा के मद से शिथिल

'हाला' (कविवर बच्चन की मधुशाला की ओर संकेत है) के रसापानकांक्षी जन मेरी कृति को पढ़ें, अथवा न पढ़ें क्या हानि है ? कुछ भी नहीं इसलिए उनको नमस्कार भी नहीं करता।

उपक्रमक्रम:

व्यनक्ति लोके महिमाऽऽलयः सदा, यदीयलोकोत्तरतां हिमालयः।
स राजते भारत–भूतलाञ्चले, विराजते भारतवर्षनामभाक् ॥

अन्वय—महिमालयः हिमालयः यदीयलोकोत्तरतां लोके सदा व्यनक्ति, सः भारतभूतलाञ्चले राजते (हिमालयेन युक्तः) भारतवर्षनामभाक् (असौ देशः) विराजते।

परम महिमाशाली हिमालय जो समस्त लोक में अपनी अनुपम महिमा का विस्तार करता रहता, वह भारत—भूमि के अंचल में शोभित है, उससे शोभावान् देश का नाम भारतवर्ष है।

सदैव गङ्गा —यमुना —सरस्वती –नदी — तरङ्गाऽऽलुलितो महामहाः।
जगत्त्रयेश — प्रिय – वेषवान् हि यः, स एष देशः किल कस्य न प्रियः॥

अन्वय—यः हि सदैव गङ्गा-यमुना-सरस्वती नदी - तरङ्गालुलितः, महामहाः जगत्त्रयेशप्रिय- वेषवान् (अस्ति) सः एषः देशः कस्य न प्रियः किल ?

यह देश किस जन के लिए प्रिय नहीं है, जिसे गंगा, यमुना और सरस्वती जैसी विशाल नदियाँ अपनी लहरों द्वारा प्रक्षालित कर महिमावान् बनाती हैं एवं जो जगत् के तीनों देवों के ईश को प्रिय है। (जहाँ भगवान् विष्णु वेष धारण कर अवतार लेते हैं)

कृपाण – कुन्तादिक — शस्त्र —झङ्कृता, सदैव वीरोचितहुङ्कृताऽङ्किताः।
प्रताडिताऽराति – ततिस्तदङ्कगा, विभाति मेवाड़ — मही महीयसी॥

अन्वय—कृपाण कुन्तादिकशस्त्रझङ्कृता, सदैव वीरोचित हुङ्कृताङ्किता, प्रताडिताऽराततिः महीयसी तद-ङ्कगा मेवाड़मही विभाति।

तलवार, भाला आदि शस्त्रों की झंकार से झंकृत होनेवाली, प्रत्येक क्षण वीरोचित-हुंकारों से परिपूर्ण तथा जहाँ (जिसकी सीमा में) शत्रु—समूह पहुंचकर उत्साह-हीन हो, पराजित होता है, वह मेवाड़ भूमि महिमा शालिनी बनकर शोभा पा रही है ।

दुरन्त 'मोहम्मद' मोहमर्दनं, पुरा पुरारातिमयी चकार या।
'चित्तौड़' नाम्नी किल तत्र वर्तते, पुरी सुधीरोरुज --- वृंद -- वन्दिता ।।

अन्वय---तत्र सुधीरोरुज--वृन्द--वन्दिता 'चितौर' नाम्नी पुरी वर्तते किल । पुरारातिमयी या पुरा दुरन्तमोहम्मदमोहमर्दनं चकार ।

शंकर की शक्ति से व्याप्त जिस राजस्थान ने प्राचीन काल में (राजपूत एकलिंग भगवान् के उपासक हैं इसलिए' पुरारातिमयी' विशेषण प्रयुक्त है) दिक्रिट मोहम्मद के मोह का मर्दन कर दिया था, वही' चित्तौड़ नामकी वीर-धीरों के पराक्रम से पोषित एवं वन्दित नगरी है ।

इहैव वध्वो युगपत्सहस्रशः, सुकोमला हा कलिकाऽङ्कुरादपि ।
स्वधर्म – संरक्षण -- हेतवे तनुं, विदग्धवत्यो ज्वलने तृणोपमः ।

अन्वय—हा, इहैव कलिकाऽङ्कुरादपि सुकोमलाः तृणोपमाः सहस्रशः वध्वः स्वधर्मसंरक्षणहेतवे ज्वलने तनुं विदग्धवत्यः ।

यहीं हजारों की संख्या में अंकुरित कली से भी कोमल कुलवधुएँ एक साथ, अपने धर्म की रक्षा—हेतु शरीर को तृण-सदृश मानती हुई अग्नि---ज्वाला में दग्ध कर चुकी हैं ।

'सिसौदिया' वंशवतां नृणामियं, महा –– महाभारत –– रङ्गभूरभूत् ।
विबोधयन्ती च विपक्षिणां क्षयं, खमुच्छ्रिता वैजय –– वैजयन्तिका ।।

अन्वय -- इयं 'सिसौदिया' वंशवतां नृणां महामहाभारतरङ्गभूः अभूत् (यस्यां) विपक्षिणां क्षयं विबोधयन्ती वैजय-वैजयन्तिका खम् उच्छ्रिता च ।

'सिसौदिया वंश में उत्पन्न श्रेष्ठ पुरुषों के लिए यह महाभारत-समर की सृष्टि करनेवाली, आकाश तक लहराती विजयिनी (विजय) ध्वजा से विभूषित विपक्षि-के क्षय का बोध कराने वाली है ।

समेहि वीरोऽसि यदि त्वमन्यथा, विधेहि नूनं सहसा पलायनम् ।
सदा वदन्तीव जनान्समागतान्, अहर्दिवं या गगनङ्गताऽभवत् ।।

अन्वय—या सदा समागतान् जनान् यदि त्वं वीरः असि समेहि अन्यथा नूनं पलायनं विधेहि' इति वदन्ती इव अहर्दिवं गगनङ्गता अभवत् ।

जो (शत्रु रूप में) आये हुए जनों से सदा यह कहती हुई—यदि तुम वीर हो, समर करो अन्यथा तुरन्त भाग जाओ, (यह वाणी) प्रतिदिन गगन तक गूँजाती रहती है ।

गता न या सप्तशताब्दकाऽवधि, प्रतापिनीत्वात् परिपन्थि वश्यताम् ।
इयं पुरी सैव महामनस्विनी, ध्वजावती तच्छिरसा नमस्यताम् ॥

अन्वय—या प्रतापनीत्वात् सप्तशताब्दकावधि परिपन्थिवश्यताम् न गता । तत् सा एव महामनस्विनी ध्वजावती इयं पुरी शिरसा नमस्यताम् ।

सात शताब्दियों की अवधि-पर्यन्त (सात सौ वर्ष तक) जो अपने प्रताप के कारण किसी शत्रु (आक्रमण करनेवाले) के वश में न हो सकी, यह वही महिमाशालिनी नगरी है, जहाँ ध्वज लहराया करता है, उसे शिर से नमस्कार करना चाहिए ।

•

प्रतापी प्रतापः

अभूत्पुरा भारत – भा – विभासकः, स 'एकलिङ्ग'स्य सदङ्घ्र्युपासकः ।
महाबली दुर्गचितौर — शासकः, प्रतापसिंहः परताप – नाशकः ॥

अन्वय—पुरा महाबली प्रतापसिंहः दुर्गचितौरशासकः अभूत् सः भारतमाविभासकः एकलिङ्गस्य सदङ्घ्र्युपासकः परतापनाशकः (च आसीत्) ।

प्राचीन समय में भारत की गरिमा—ज्योति का विस्तार करनेवाला, 'एकलिंग' भगवान् का अनन्य उपासक, दूसरों के सन्ताप का निवारक, चित्तौड़ दुर्ग का शासक महाबली प्रतापसिंह हो गया है ।

अटाट्यमानो ह्यटवीषु सन्ततं, स्वतन्त्रतार्थी स कलत्र – पुत्रकः ।
अवाप. दुःखं नहि किं व्यथाऽऽकुलः, स वीरतायास्तनयो वरान्वितः ।:

अन्वय—वरान्वितः वीरतायास्तनयः सकलत्र-पुत्रकः स्वतंत्रतार्थी व्यथाकुलः सः अटवीषु सन्ततम अटाट्यमानः किं दुःखं नहि अवाप ।

वह अपनी स्त्री तथा पुत्रों-सहित, स्वतंत्रता की प्राप्ति के लिए निरन्तर वन-पर्वतो में भटकता रहा, क्या उसने दुःख नहीं प्राप्त किया ? परन्तु दुःख से भी आकुल न हुआ। वीरता का साक्षात्, श्रेष्ठ पुत्र था।

अनाथ – नारीजन — शोक – शोचनः, गवां द्विजानां गलदश्रु मोचनः।
स एक एवाऽभत्रदार्यं – रोचनः, समुल्लसल्लोहित—लोल—लोचनः ॥

अन्वय—समुल्लसल्लोंहितलोललोचनः गवां द्विजानां गलदश्रुमोचनः, अनाथनारी-जनशोकशोचनः सः एकः एव आर्य-रोचनः अभवत्।

अनाथों एवं नारी जन के शोक से सन्तप्त होनेवाला, गाय और ब्राह्मणों को आँसू से रहित करनेवाला (उनके कष्ट का निवारण करनेवाला) उल्लासभावों से पूर्ण विशाल नेत्रोंवाला, आर्यजाति का भूषण उसके समान एकमात्र वह ही था।

मुमोच कोपात्तरुणाऽरुणाऽधरः, कच-प्रवन्धान् यवनी-जनस्य यः।
स हिन्दुना केन स-रक्तविन्दुना, न लालनीयो जगदेकरत्नवत् ॥

अन्वय—तरुणाऽरुणाधरः यः कोपात् यवनीजनस्य कचप्रवन्धान् मुमोच। सरक्त-विन्दुना केन हिन्दुना सः जगदेकरत्नवत् लालनीयः न।

तरुण (पुष्ट) और लोहित अधरोंवाले जिस वीर ने अपने क्रोध से यवन-स्त्रियों के केश-बन्धन ढीले कर दिये, जगत् के अनुपम रत्न-सदृश वह किस हिन्दू के द्वारा रक्त—सने विन्दुओं तक से लालन का पात्र नहीं है (सभी हिन्दुओं के लिए वह अनुकरणीय है)।

विशालवक्षा अधिपाणि भासयन्, महाकरालं करवाल-कालकम्।
इवेन्द्रवज्रः स महीध्र-मण्डलान् जघान् लोकेषु शठान् हठान्वितान् ॥

अन्वय—इन्द्रवज्रः महीध्रमण्डलान् इव विशालवक्षाः सः अधिपाणि महाकरालं करवालकालकम् भासयन् लोकेषु हठान्वितान् शठान जघान।

विशाल वक्ष (चौड़ी छाती) काल के समान महाभयंकर वज्र-सदृश चमकते कृपाण से शोभित—हाथ वह साक्षात् इन्द्र के समान था—इन्द्र ने अपने वज्र से पर्वत समूह का नाश किया और उस प्रतापसिंह ने लोक के हठी शठ, दुष्टों का वध किया था।

प्रसन्नचेता बलिनां धुरन्धरः लसल्ललाटः, परिणद्ध-कन्धरः।
नवाऽब्ज-नेत्रः, शरदिन्दुसुन्दरः, स वेषतोऽभूद् भुवने पुरन्दरः ॥

अन्वय—नवाब्जनेत्रः, शरदिन्दुसुन्दरः, लसल्ललाटः, परिणद्धकन्धरः, प्रसन्नचेता बलिनां धुरन्धरः सः भुवने वेषतः पुरन्दरः अभूत्।

प्रसन्नता से पवित्र-हृदय, बलशालि-जनों में श्रेष्ठ, तेजस्वी-भाल और विशाल स्कन्ध (गर्दन) एवं नवीन विकसित कमल-सदृश नेत्र, शरत्कालीन निर्मल चन्द्रमा के समान सुन्दर, वह इस धरती पर स्वरूप में इन्द्र की समानता धारण करनेवाला हो गया है।

अकिञ्चनैः कल्पतरुप्रभीकृतः स्वयं विडौजा इति वीरवन्दितः ।
धृतोऽरिभिः काल इव स्व-मानसे स कल्कि-कल्प कलित कलौ जनैः ।

अन्वय—सः (महाराणाप्रतापः) अकिञ्चनैः कल्पतरुप्रभीकृतः स्वयं विडौजा इति वीरवन्दितः अरिभिः स्वमानसे काल इव धृतः जनैः कलौ कल्किकल्पः कलितः ।

याचक, दीन जनों द्वारा जो कल्पवृक्ष की प्रकृति धारण करनेवाला माना जाता, 'स्वयं इन्द्र अवतरित हैं' इस प्रकार जो वीरजनों से वन्दित (पूजित) होता रहा, शत्रु-जन जिसे काल के समान अपने मन में समझते थे, वह कलियुग में जनों के लिए सुन्दर कल्कि—सदृश मान्य हुआ।

क्षणे क्षणे यस्य रणे रतिर्भवेत्, पदे पदे यो विनिपातयेदरीन् ।
तदद्य किं विस्मय-कारणं बुधाः !, गृहे-गृहे सम्प्रति चेत्स पूज्यते ॥

अन्वय—हे बुधाः ! यस्य रतिः क्षणे-क्षणे रणे (एव) भवेत्, यः अरीन् पदे-पदे विनिपातयेत् । चेत् सः संप्रति गृहे-गृहे पूज्यते, तदद्य विस्मय कारणं किमस्ति ।

क्षण-प्रतिक्षण जिसका हृदय रणभूमि में ही रमण करने का इच्छुक रहता, जो पद-पद पर शत्रुओं को धराशायी करता था, वह यदि आज घर-घर में अब पूजा जा रहा है, तो रंचमात्र भी आश्चर्य का विषय नहीं है।

स्व-वैरि-सैन्ये सहसा प्रवेशतः, स्ववेशतो भीम-तमं तमो नयन् ।
प्रतापसिंहो निजसिंहनादतः, प्रकम्पयामास न कस्य मानसम् ॥

अन्वय—स्ववैरिसैन्ये सहसा प्रवेशतः, स्ववेशतः भीमतमं तमः नयन् प्रतापसिंहः निजसिंहनादतः कस्य (शत्रोः) मानसम् न प्रकम्पयामास ?

अपने शत्रुओं की सेना में प्रवेश करते हुए अपने भयावह वश द्वारा (भीम के से स्वरूप की प्रतीति कराते हुए) घोर—अन्धकार की स्थिति उत्पन्न (शत्रु-दल चकाचौंध में पड़कर अन्ध-सा हो जाता, आँखों के समक्ष अन्धकार दिखायी पड़ने लगता था) कर देता था। ऐसा प्रतापसिंह सिंह-गरजना के सदृश अपनी हुंकार से किसके हृदय को नहीं कँपा देता था (समस्त शत्रु-समूह काँप उठता)।

देशदशा

वभूव लोकोत्तरभव्यभाग्यवान् महामहीपो मुगलान्वये महान् ।
स राजराजैर्विहित-प्रणामको जगत्प्रसिद्धोऽकंबरेति—नामकः ॥

अन्वय——मुगलान्वये अकंबरेति नामकः महान् जगत्प्रसिद्धः लोकोत्तरः भव्य-भाग्यवान् महामहीपः बभूव । राज राजैः सः विहितप्रणामकः आसीत् ।

प्रसिद्ध (महान्) मुगलवंश में अनुपम भाग्यशाली, राजे-महाराजाओं द्वारा वन्दित, संसार में प्रसिद्ध अकबर नामका महान् सम्राट् हो गया है ।

पितामहो यस्य महापराक्रमी गुणेन नाम्ना च बभूव 'वर्बरः' ।
विजित्य 'पानीपत'-युद्धमत्र यः, प्रसिद्धतामाप धराप-मण्डले

अन्वय——यस्य नाम्ना 'वर्बरः' महापराक्रमी पितामहः गुणेन च बर्बरः वभूव । यः अत्र पानीपत युद्धं विजित्य धरापमण्डले प्रसिद्धताम् आय ।

जिसका पितामह अत्यन्त पराक्रमशाली एव अपने गुणों के कारण 'वर्बर' (बावर) नाम से प्रसिद्ध हुआ तथा जिसने यहाँ 'पानीपत' का युद्ध जीतकर इस भूमण्डल के राजाओं में प्रसिद्धि प्राप्त की ।

पिता च यस्य क्षिति -राजरञ्जनः, 'हुमायुँ'-नामा रिपु-रोष-भञ्जनः ।
प्रभञ्जनस्तस्य सुतो भवेन्न किं, विपक्षि-सैन्यञ्चत - गर्व — गञ्जनः ॥

अन्वय—यस्य 'हुमायु' नामा पिता क्षितिराज-रञ्जनः रिपु-रोष-भञ्जनः च (आसीत्) किं तस्य सुतः विपक्षि-सैन्यञ्चत—गर्व-गञ्जनः प्रभञ्जनः न भवेत् ।

जिसका पिता पृथ्वी के नरेशों की प्रसाद-भूमि, शत्रुदल के क्रोध का विनाशक 'हुमायूँ' नामधारी हुआ ; उसका पुत्र फिर विपक्षियों की सेना के अभिमान को ध्वस्त करनेवाला क्यों न हो जो स्वय वायु के समान गति वाला रहा ।

छली रिपुर्भारतवर्ष - भू-भुवां स कूटनीतौ प्रथितो भुवस्तले ।
यम - प्रतिस्पर्धि-विशुद्ध - हैन्दवं, निनाय नाशं क्रमशः पराक्रमम् ॥

अन्वय—भारतवर्षभूभुजां रिपुः, भुवस्तले कूटनीतौ प्रथितः सः छली यमप्रतिस्पर्धि विशुद्धहैन्दवं पराक्रमम् क्रमशः नाशं निनाय।

महान् छलकर्मी भारतीय भूमि के जनों का परम शत्रु, धरतीतल पर कूटनीति में अत्यन्त कुशल प्रसिद्ध हुआ, पवित्र हिन्दुत्व से ईर्ष्या, द्वेष रखने के परिणाम स्वरूप यम-सदृश शनैः शनैः उसने हमारे पराक्रम को नष्ट कर डाला।

स हिन्दुहा हिन्दुभिरेव सन्ततं, विधाय सङ्गं बलतश्च लोभतः।
तदीय -कन्याजन -सङ्गमाऽऽकुलः, चकार तास्तानखिलान् पदाश्रितान् ॥

अन्वय—बलतः लोभतश्च हिन्दुभिः एव सन्ततं सङ्गं विधाय तदीयकन्याजनसङ्गमाकुलः सः हिन्दुहा अखिलान् तास्तान् पदाश्रितान् चकार।

वह हिन्दुओं द्वारा ही निरन्तर हिन्दूजनों का, मैत्री, बल एवं लोभ के प्रभाव से विनाश करता रहा, उनकी कन्याओं के साथ साहचर्य (विवाह-सम्बन्ध) स्थापित कर, उन्हें ही समस्त उच्च पदों पर उसने प्रतिष्ठित किया।

अथेत्थमेव प्रविधाय दुष्कृतिं, महार्दयालोर्दयया वशीकृतः।
तदीय – सैन्याऽधिपतिस्तदाऽभवत्, स मानसिंहो महितो महीतले ॥

अन्वय—अथ तदा महादयालोः दयया वशीकृतः महीतले महितः सः मानसिंहः इत्थम् एव दुष्कृतिं प्रविधाय तदीयसैन्याधिपतिः अभवत्।

इसी प्रकार का दुष्कृत्य करके एवं उस महाकृपालु की कृपा के वशीभूत हो, तब वह मानसिंह उसकी सेना का सेनापति बनकर धरती पर महिमावान् बना।

प्रतापप्रतज्ञा

सिंहासने स हि 'महेन्द्र' पदेऽभिषिक्तो, लोके बभावतितरां जगदेकवीरः।
नैसर्गिको भवति हेम-घट:प्रभावान्, मार्तण्ड-रश्मि-रुचिरस्य पुनः कथा का ॥

अन्वय—सिंहासने महेन्द्रपदेऽभिषिक्तः जगदेकवीरः सः (महाराणाप्रतापः) लोके अतितरां बभौ। हि हेमघटः नैसर्गिकः प्रभावान् भवति। पुनः मार्तण्डरश्मि-रुचिरस्य (प्रतापस्य) का कथा?

सिंहासन पर वह महेन्द्र पद पर अभिषिक्त लोक में अत्यन्त गरिमा प्राप्त करने-वाला संसार में अप्रतिम वीर था। स्वर्ण-घट प्रकृति से ही चमकीला होता है, यदि उस पर सूर्य की किरणों का सुन्दर प्रकाश पड़ जाय तो और अधिक चमक उठता है। उसी प्रकार लोक में प्रसिद्ध महिमावान् वीर महाराणा प्रताप के सिंहासन पर अभिषिक्त हो जाने पर उनका गौरव अधिक बढ़ गया।

'मेवाड़'-मण्डल-मणिः स महाप्रतापी, दृष्ट्वा दशां विमल-भारतवर्ष-मध्ये।
इत्थं चकार जगतां प्रथिता प्रतिज्ञां, प्रज्ञां नियोज्य निपुणञ्च, विचार्य विज्ञान् ॥

अन्वय—मेवाड़-मण्डलमणिः महाप्रतापी सः विमल भारतवर्ष मध्ये (दयनीयां) दशां दृष्ट्वा, प्रज्ञां नियोज्य विज्ञान् निपुणं विचार्य च, जगतां प्रथिताम् इत्थं प्रतिज्ञां चकार।

मेवाड़-मण्डल के लिए प्रभावान् मणि-सदृश उस महाप्रतापी ने पवित्र भारत की दयनीय दशा को देखकर भलीभाँति विचार करके, बुद्धि के प्रयोग-सहित (विवेक से भली भाँति ठीक समझ कर] संसार में प्रसिद्ध हो जानेवाली इस प्रकार प्रतिज्ञा की—

यावत्प्रभाहतमदो मम भारतं मा, भूयः प्रभा-रतमलं भुवने भवेद्वै।
तावत्कदापि कथमप्यपि नैव नूनं, यास्यामि जन्म-नगरं-नगरं गरीयः ॥

अन्वय—यावत् मम अदः प्रभाहतम् भारतं भुवने भूयः वै अलम् प्रभा-रतम् मा भवेत्, तावत् नूनं (अहं) कथमपि (स्वकीयं) गरीयः नगरं जन्म-नगरम् अपि कदापि नैव यास्यामि।

प्रभाहत (गरिमा-विहीन) हमारे राष्ट्र की महिमा विमल-ज्योतिर्मयी होकर पुनः लोक में जब तक व्याप्त नहीं हो जाती तब तक कभी भी किसी दशा में भी अपने श्रेष्ठ जन्म-नगर में नहीं जाऊँगा।

अत्स्यामि पत्रपुटके, न पुनर्न हैमे, वत्स्यामि पर्ण-भवने विजने, न हर्म्ये।
स्थास्याम्यहं भुवि तृणासनकेषु तेषु, नत्वच्छ-रत्न-रचितेषु नृपासनेषु ॥

अन्वय—अहं पत्रपुटके अत्स्यामि, पुनर्न हैमे (पात्रे) न, विजने, पर्णभवने वत्स्यामि हर्म्ये न, भुवि तेषु तृणासनकेषु स्थास्यामि अच्छरत्नरचितेषु नृपासनेषु तु न।

स्वर्ण-निर्मित पात्रों में नहीं पत्र पुटक (पत्ते का पतली सींकों की सहायता से बना वृत्ताकार पात्र जिसे 'दोना' कहा जाता है।) में भोजन करूँगा, राजमहल मे नहीं,

वन में पत्तों से बनी झोपड़ी में रहूँगा, रत्न-जटित राजसिंहासन पर नहीं, अपितु भूमि में तृणों से बने आसन पर बैठूँगा ।

जाज्वल्यमान किरणोऽस्तु दिनेषु चन्द्रः, सूर्यः समुल्लसतु पश्चिमदिक्प्रदेशात् ।
शुष्कः स्वतो भवतु कल्पतरुः परन्तु, व्यर्था भविष्यति न मद्विहिता प्रतिज्ञा ॥

अन्वय--चन्द्रः दिनेषु जाज्वल्यमानकिरणः अस्तु, सूर्यः पश्चिमदिक्प्रदेशात् समुल्लसतु कल्पतरुः स्वतः शुष्कः भवतु परन्तु मद्विहिता प्रतिज्ञा व्यर्था न भविष्यति ।

दिन में ही चन्द्रमा की किरणों का प्रकाश छिटकने लगे, सूर्य पश्चिम दिशा की ओर से उदय हो जाय एवं कल्पवृक्ष स्वयं सूख जाय परन्तु मेरी यह प्रतिज्ञा व्यर्थ नहीं हो सकेगी ।

जयराम दास उदासीन

या मञ्जुनूपुर-रवैः रमणी-मणीनां पीयूषतोऽपि मधुरैर्मधुरा पुराऽऽसीत् ।
सेयं 'चित्तौड़' -नगरी नगरीष्वनन्या कस्याऽद्य नैव हृदयं हठतो दुनोति ॥

अन्वय--पुरा नगरीष्वनन्या 'चितौर' नगरी रमणीमणीनां मधुरैः मञ्जुनूपुररवैः पीयूषतः अपि मधुरा आसीत् । सा इयं (चितौर नगरी) अद्य कस्य हृदयं हठतः नैव दुनोति ।

नगरियों में श्रेष्ठ यह चित्तौड़ नगरी जो पूर्व समय में श्रेष्ठ रमणियों के सुन्दर नूपुरों से उठती अमृताधिक मधुर-ध्वनि द्वारा मधुर होती रही, आज किसका हृदय (हठपूर्वक) दुःखानुभव नहीं करता ? अर्थ यह कि सबका हृदय दुःखी हो रहा है ।

याऽऽसीत् पुरा हरितशस्य-दलाऽभिरामा-स्निग्धाभ्र-नील-वसनाकृत-सर्वकामा ।
सा जन्म-भूः प्रतिपदं नररक्तरक्ताऽभक्ताऽद्य जीवति कथंचिदहोऽत्यशक्ता ॥

अन्वय--अहो पुरा या हरितशस्यदलाभिरामा, स्निग्धाभ्रनीलवसना कृतसर्वकामा (च) आसीत् अभक्ता अत्यशक्ता, प्रतिपदं नररक्तरक्ता सा जन्मभूः अद्य कथंञ्चित् जीवति ।

प्राचीन समय में जो हरित शस्य-दलों से सुन्दर थी, निर्मल-नील गगन-रूपी आच्छादन (नीलवर्ण वस्त्र की कल्पना) द्वारा भूपित सभी कामनाओं को पूर्ण करने वाली वह जन्मभूमि आज पग-पग पर मनुष्य के रक्त से रंजित हो रही है, विरोधी जी रहे हैं, हम किस प्रकार अत्यन्त शक्तिहीन हो गये हैं ? (क्या कारण है कि हम असमर्थ होकर सहन कर रहे हैं ?)

क्वा:पि प्रतारणमलं ललना जनानां, दृष्ट्वा क्वचित्सुरजन-प्रतिमाऽपमानम् ।
हिन्दून्विलोक्य च पशूनिव हन्यमानान्, हा !! हृत्तलं भवति मे शतधा विदीर्णम्॥

अन्वय—हा क्वापि ललनाजनानाम् अलं प्रतारणम् क्वचित् सुरजनप्रतिमापमानं दृष्ट्वा, पशूनिव हन्यमानान् हिन्दून च विलोक्य मे हृत्तलं शतधा विदीर्णं भवति ।

स्त्री-जाति का कहीं पीड़ित होना, (स्त्रियों के साथ अभद्रता का व्यवहार होना) देव-प्रतिमाओं का अपमान किया जाना एवं पशु के सदृश हिन्दुओं का वध होना देखकर हा ! मेरा हृदय शतशः खण्डों में विदीर्ण हो जाता है ।

चिन्तां कलत्रसुतयोर्न तयोर्विधाय, याचेऽभिलाषणमदो जगदीश्वराय ।
'मेवाड़' मण्डल-बलोन्नयनं, बनं वा, म्लेच्छौघसैन्य-शरणं मरणं, रणं वा ॥

अन्वय—(अहं) तयोः कलत्रसुतयोः चिन्तां न विधाय जगदीश्वराय अदः अभिलाषणं याचे (यत्) मेवाड़मण्डलबलोन्नयनं (करवाणि) वनं वा (गच्छानि) म्लेच्छौघसैन्यशरणं मरणं (प्राप्तवानि) रणं वा (करवाणि) ।

स्त्री (पत्नी) पुत्र दोनों की चिन्ता न करके, ईश्वर से इस कामना की याचना करता हूँ कि वह शक्ति दे जिससे मैं मेवाड़-मण्डल की शक्ति (बल-ऐश्वर्य) में वृद्धि करूँ अथवा वन में निवास, म्लेच्छों की सेना में शरण लूँ अथवा रण-भूमि में मरण का वरण करूँ ।

क्रोधानलो दहति हा हृदयं मदीयं, हस्तश्च संस्फुरति बैरि-बधे स-खड्गः ।
भूयश्च लौहकवचाऽऽकुलमस्ति वक्षो, यद्देश एष मम वैरि-जनैन्र विद्धः ॥

अन्वय—हा, क्रोधानलो मदीयं हृदयं दहति, स-खड्गः हस्तश्च वैरिवधे संस्फुरति, वक्षः भूयः लौहकवचाकुलं च अस्ति । यत् मम एषः देशः वैरिजनैन् विद्धः (अस्ति) ।

हा ! क्रोध-जनित अग्नि से मेरा हृदय दग्ध हो रहा है, खड्ग-सनाथ हाथ शत्रु-वध के लिए फड़क रहा है, लौहकवच से पुष्ट मेरा वक्ष बार-बार व्याकुल हो रहा है कि यह मेरा देश शत्रुओं द्वारा कैसे दलित हो गया ?

'वाप्पाकुलेऽमलतमे' न गृहीतजन्मा, नाहम्प्रताप इति विश्रुतभीमकर्मा ।
बीरांगना न जननी मम, नास्मि शूरः, चेन्म्लेच्छ-मण्डलमलं निखिलं न हन्मि ॥

अन्वय—चेदहं निखिलं म्लेच्छमण्डलं अलम् न हन्मि, अमलतमे वाप्पाकुले

गृहीतजन्मा न, विश्रुतभीमकर्मा प्रताप इति न, मम जननी वीराङ्गना न शूरः (च) न अस्मि।

यदि मैं समग्र म्लेच्छ–समुदाय का वध न करूँ, तो वाप्पा रावल के निर्मल कुल की सन्तान नहीं और न तो प्रसिद्ध भीम के समान कर्म करने वाला प्रताप नामधारी (महान् कार्य करने वाला प्रसिद्ध) तथा मेरी जननी वीरांगना नहीं एवं मैं वीर नहीं हूँ।

रे रे मदीय-कर-मुग्ध ! कठोर कुन्त ! प्रक्रान्तधार ! कुटिलाऽऽक्रमणेन किन्ते ॥
यच्छासति त्वयि सदा रिपुशोणितार्द्रे, जीवन्ति दुष्टहतका यवना जगत्याम् ॥

अन्वय—प्रक्रान्तधार ! सदा रिपुशोणितार्द्रे ! रे रे मदीय कर-मुग्ध ! कठोर-कुन्त ! ते कुटिलाक्रमणेन किम् (प्रयोजनम्) ? यत् त्वयि शासति दुष्टहतकाः यवनाः जगत्यां जीवन्ति।

अरे, मेरे हाथ पर मुग्ध (मेरे हाथ में विलसने वाले) कठोर कुन्त ! तीव्रतर धारवाले तुम्हारे भयावह आक्रमण करने की कला से क्या लाभ जो शत्रु-रक्त से गीले तुम्हारे शासन में भी जगतीतल पर दुष्ट यवन जीवित हैं ?

भ्रातुः सहोदर-वरस्य वधाय पूर्वं, योऽभ्युद्यतोऽभवदहो समरेऽप्रधर्षः।
तस्याऽस्ति ते करुणया किमु नाम कार्यं, शीघ्रं कृता न जनता न नतानना चेत् ॥

अन्वय—अहो, यः अप्रधर्ष (मदीयः कुन्तः) पूर्वं समरे सहोदरवरस्य भ्रातुः वधाय अभ्युद्यतः अभवत् तस्य ते करुणया किमु नाम कार्यम् अस्ति, चेत् शीघ्रं जनता न नतानना न कृता।

पूर्व समय में सहोदर भाई के वधार्थ जो तैयार हो गये थे जो तुम युद्ध मे अपराजेय हो उस तुम्हारे लिए करुणा से द्रवित होने की क्रिया कैसी ? (तुम्हारा गौरव कहाँ ?) यदि तुम समस्त विपक्षियों को मेरे सामने नत-मस्तक नहीं कर देते ?

शोकं विधेहि नहि भारतभृंग ! नूनं, यत्पारतन्त्र्य-रजनीगतपद्म-बद्धः।
भूयो भविष्यति चिराय सखेऽधुनैव, स्वातन्त्र्यसूर्य-किरणारुण-सुप्रभातम् ॥

अन्वय—हे सखे ! भारतभृङ्ग। चिराय पारतंत्र्य-रजनी-गत-पद्मबद्धः (त्वं, शोकं नहि विधेहि, यत् भूयः अधुनैव स्वातंन्त्र्य-सूर्य किरणारुण-सुप्रभातम् नूनं भविष्यति।

परतंत्रता रूपी रजनी के कारण कमलकोश में बद्ध हे भारत भृंग ! शोक न करो, सखे ! अभी शीघ्र ही अनन्तकाल के लिए स्वतंत्रता-रूपी सूर्य की किरणों से अरुण (स्वर्णिम) प्रभात होगा।

प्राणादपि प्रियतमा निज-पूर्वजानां,मान्या पुनर्भवतु जन्म-धरा स्वतन्त्रा ।
साऽऽभा रतीरितगुणावलिरद्य भूयः, सा भारती भवतु भारत-भू-विभूत्यै ॥

अन्वय—निजपूर्वजानां प्राणादपि प्रियतमा मान्या जन्मधरा पुनः स्वतंत्रा भवतु । साभा रतीरितगुणावलिः सा भारती अद्य भूयः भारत-भू-विभूत्यै भवतु ।

अपने पूर्व पुरुषों के लिए प्राणों से भी अधिक प्रिय पूजनीया हमारी जन्म-भूमि पुनः स्वतंत्र हो, आज पुनः प्रचीन गौरव-मय-तेज एवं गुणों की राशि से समन्वित प्रकाश विखर जाय और आभा-सनाथ भारती, भारत की धरती का वैभव गान करने वाली बने ।

मान-मान-हानिः

विजित्य शोलापुर-गं महारणं, स मानसिंहो जयमालिकाऽञ्चितः ।
बभूव मानोन्नत-भाल-भाक् पथि, प्रतापसिंहस्य निकेतनेऽतिथिः ॥

अन्वय–शोलापुरगं महारणं विजित्य जयमालिकाञ्चितः मानोन्नतभालभाक्-स मानसिंहः पथि प्रतापसिंहस्य निकेतने अतिथिः बभूव ।

शोलापुर के महासमर में विजय प्राप्त कर, जयमाल से भूषित होने के कारण, अभिमानवशात्, उन्नत भाल वह मानसिंह मार्ग में प्रतापसिंह के गृह अतिथि के रूप में उपस्थित हुआ ।

प्रतापजातोऽमरसिंहनामवान्' तदीयमातिथ्यमलं तदाऽकरोत् ।
स्वयम्प्रतापस्तु कदाप्यहो सकृत्, न चाह्वयंस्तं न तदन्तिकङ्गतः ॥

अन्वय—तदा अमरसिंहनामवान् प्रतापजातः तदीयम् आतिथ्यम् अकरोत् । अहो प्रतापस्तु स्वयं सकृत् तदन्तिकम् कदापि न गतः, । तम् च आह्वयत् (अपि) न ।

प्रतापसिंह के पुत्र अमरसिंह ने उस समय भलीभाँति उसका आतिथ्य-सत्कार किया किन्तु स्वयं प्रतापसिंह ने एक बार भी न उस [illegible]म लिया एवं न वह उसके समीप गया ।

उदीरितो भोजन ! भोजनाय वै—स मानसिंहोऽमरसिंहवर्म्मणा ।
न वीक्ष्य तस्मिन्समयेऽपि तन्नृपं—व्यभाषतैवं परितापतोऽमरम् ॥

अन्वय—अमरसिंहवर्म्मणा भोजनाय सः मानसिंहः 'भोजन' (इति) उदीरितः। (सः) तस्मिन् समयेऽपि तं नृपं न वीक्ष्य, परितापतः अमरम् एवं व्यभाषत ।

क्षत्रिय अमरसिंह द्वारा भोजन ग्रहण करने का निवेदन किये जाने पर उस समय भी उस नृप (महाराणा प्रताप) को न देखकर उस मानसिंह ने अमर (अमरसिंह) को व्यथित (दुःखित) करते हुए इस प्रकार कहा—

पुराऽऽगतो नैव वरं स नागतः, प्रतापसिंहः कथमत्र नागतः।
अनागते हन्त ममाशनं कथं, तदत्र शीघ्रं वद किन्नु कारणम् ? ॥

अन्वय—पुरा प्रतापसिंहः नैव आगतः, वरं नागतः (परन्तु सः) अत्र कथं न आगतः । हन्त, (तस्मिन्) अनागते मम अशनं कथम् भवेत् ? तद् अत्र किं कारणं नु शीघ्रं वद ?

आज से पहले मैं आया था, उस समय नहीं आये, आज भी प्रताप सिंह यहाँ क्यों नहीं आये ? खेद है उनके न आने पर मेरा भोजन कैसा ? (मैं कैसे भोजन कर सकता हूँ ?) इसलिए तुरन्त बताओ उनके न आने का कारण क्या है ?

उवाच वाचं महितः स मत्पिता, नितान्त-तान्तोऽस्ति 'शिरोव्यथा'हतः।
ततोऽशनं वै भवता समं विभो !, न शक्यते तेन विधातुमन्ततः ॥

अन्वय—सः वाचम् उवाच महितः मत्पिता शिरो-व्यथा-हतः, नितान्त-तान्तः अस्ति । हे विभो ! ततः वै तेन भवता समम् अन्ततः अशनं विधातुं न शक्यते ।

उसने उत्तर स्वरूप कहा—मेरे पूज्य पिता जी शिरपीडन की व्यथा से अत्यधिक कष्ट में हैं, इस कारण हे ऐश्वर्यशालिन् ! आपके साथ भोजन ग्रहण करने का विधान वह नहीं पूर्ण कर सकते ।

निशम्य चैवं ह्यमरं निहारयन्, शिरस्तलेऽन्नस्य कणं प्रधारयन्।
समुत्थितो भोज्यमलं निवारयन्, ननाद वाक्यं च लसन्महारयम् ॥

अन्वय—(सः मानसिंहः) एवं निशम्य च अमरं निहारयन् शिरस्तले अन्नस्य कणं प्रधारयन् भोज्यम् अलम् निवारयन् हि समुत्थितः लसन्महारयम् वाक्यं ननाद च।

इस प्रकार का कथन सुनकर, अमरसिंह की ओर देखते हुए, अपने शिर पर

अन्न का कण धारण कर, भोजन की सामग्री हटाते हुए वह उठा और अत्यन्त उग्र वाणी में सोत्साह गरजन करने लगा—

वद प्रतापं तममानकारिणं, यदेष मानो भवता तिरस्कृतः।
इहाऽऽश्वथाऽऽयास्यति सौषधिर्यतः—'शिरोव्यथा' ते न पुनर्भवेद् भवे॥

अन्वय—तम् अमानकारिणं प्रतापं वद यद् एषः मानः भवता तिरस्कृतः। इह आशु अथ सा ओषधिः आयास्यति यतः ते शिरोव्यथा भवे पुनर्न भवेत्।

मेरा अपमान करनेवाले प्रताप से कह दो—आप द्वारा यह मानसिंह जो अपमानित हुआ है, वह शीघ्र ही यहाँ वह औषधि लेकर आयेगा, जिससे पुनः सिर की पीड़ा इस संसार में तुम्हें न होगी। (मानसिंह का संकेत भयानक युद्ध में राणाप्रताप को पराजित करने की ओर है।)

तदैव हर्षेण गृहाद् विनिःसरन्, स साहसी तं सहसा जनं हसन्।
सहस्र नेत्र-प्रतिमो रिपुन्दमो, महाद्युतिर्वाचमुवाच मानिनम्—॥

अन्वय—तदैव सहसा सहस्रनेत्रप्रतिमः महाद्युतिः रिपुन्दमः साहसी सः हर्षेण गृहाद् विनिः सरन् तं मानिनम् जनं हसन् वाचम् उवाच।

उसी समय हर्षित-हृदय गृह से वाहर निकलते हुए उसके कथन का उपहास करते (कथन सुनकर हँसते हुए) शत्रु का दमन करने वाले साहसी सूर्य के समान महाज्योति-सी विखेरते हुए प्रताप ने उस मानी मानसिंह से कहा—

पितामहस्ते यवनाय कन्यकां ददौ ततः किन्न कुलं कलंकितम्।
तथाऽपि सार्धं मयकैव भोजनं, न मांन ! एवं भज माननीयताम्॥

अन्वय—ते पितामहः यवनाय कन्यकां ददौ किं ततः (तव) कुलं कलङ्कितम न ? तथापि मयकैव-सार्द्धं भोजनम् (इच्छसि)। हे मान ! एवं माननीयताम् न भज।

तुम्हारे पितामह ने अपनी कन्या यवन को प्रदान किया, क्या उससे कुल नहीं कलंकित हुआ ? (निश्चित ही कलंकित हो गया) इतने पर भी मेरे साथ भोजन (की अभिलाषा) ? हे मान ! इस प्रकार तुम अब माननीय मत वनो। (तुम अब स्वयं को माननीय समझकर मेरे साथ भोजन ग्रहण करना चाहो तो यह तुम्हारी भूल है।)

वयं क्व वर्णाश्रमधर्म-मर्मगा, सदा मर्यादाचार-विचार-धारकाः।
स्वजाति-हीनाः!! कुलधर्मतश्च्युताः, क्व हन्त ! यूयं कृमि-तुल्य-जन्तवः॥

अन्वय—वर्णाश्रमधर्ममर्मगाः सदा सदाचार-विचारधारकाः वयं क्व ? हन्त स्वजातिहीनाः कुलधर्मतश्च्युताः कृमितुल्यजन्तवः यूयं क्व ?

वर्णाश्रम-धर्म के मर्म को समझने वाले एवं सदा ही सदाचारपूर्ण विचारों को धारण करने वाले कहाँ हम और अपनी जाति से हीन कुलधर्म से गिरे हुए कीट-सदृश जीव, कहाँ तुम लोग ?

सह त्वया हन्त ! कृतेऽनुरञ्जने, न किं विरुद्धं जगतीतले भवेत् ।
क्व दन्तिनः स्याच्छशकेन मित्रता क्व जम्बुकः सिंह-सखः श्रुतस्त्वया ॥

अन्वय—हन्त, त्वया सह अनुरञ्जने कृते किं जगतीतले विरुद्धं न भवेत् । दन्तिनः मित्रता शशकेन (सह) क्व स्यात् । त्वया जम्बुकः सिंह—सखः इति क्व श्रुतः ।

खेद हो रहा है—तुम्हारे साथ स्नेह व्यवहार कर तुमको यदि सन्तुष्ट करूँ तो इस संसार में धर्माचरणों के विरुद्ध आचरण करने वाला नहीं कहा जाऊँगा ? निश्चित ही धर्म के विपरीत होगा । क्या हाथी की मित्रता खरगोश के साथ और शृगाल को सिंह-सखा के रूप में कभी सुना है ? असम्भव है ।

अनल्प-रूक्षाक्षर-जल्पनाऽऽकुलः, तपल्ललाटन्तपवन्मुखाऽरुणः ।
जगाद शैघ्र्येण हयोपरि स्थितः, स मानसिंहोऽपि गिरङ्गरीयसीम् ॥

अन्वय—अनल्परूक्षाक्षरजल्पनाऽऽकुलः तपल्ललाटन्तपवन्मुखाऽरुणः शैघ्र्येण हयोपरिस्थितः स मानसिंह : अपि गरीयसीं गिरम् जगाद ।

अनेक रूखे शब्दों में बोलता हुआ आकुल, क्रोधाधिक्य के कारण जिसके ललाट पर लालिमा प्रकट थी, मुख से श्वाँस छोड़ता, वह मानसिंह भी शीघ्रतापूर्वक घोड़े पर बैठकर, तीव्र वाणी बोला—

रणोन्मुखस्तिष्ठतु सज्जितो भवान्, ध्रुवं मदीयाऽऽगमनं भविष्यति ।
अथाऽऽवयोरेकजनश्च सङ्गरे यशोऽवशेषो भविता नु भूतले ॥

अन्वय—भवान् रणोन्मुखः सज्जितः तिष्ठतु, मदीयागमनं ध्रुव भविष्यति । अथ च सङ्गरे आवयो : एकजन : भूतले यशोऽवशेषो भविता नु ।

आप रण करने के लिए सज्जित होकर तैयार रहें, निश्चित मेरा आगमन होगा और हम दोनों के उसी संग्राम में, इस धरती-तल पर निश्चित ही दोनों में से एक यशोऽवशेष रह जायगा ।

विदारिताऽस्यः परितः स्फुरत्सटः, भयानकाऽऽकारधरोऽधिकाननम् ।
प्रसुप्त-सिंहोऽद्य हठात्प्रबोधितः, न मानसिंहो भवता तिरस्कृतः ।।

अन्वय—भवता मानसिंहः न तिरस्कृतः (परं) अद्य विदारिताऽऽस्यः परितः स्फुरत्सटः भयानकाऽऽकारधरः अधिकाननम् प्रसुप्तसिंहः हठात्प्रबोधितः ।

भीषण आकार वाले, मुख को नीचे किये, चारों ओर सटा-जाल को फैलाए हुए सुप्त सिंह को आज कष्ट पहुँचाकर बलात् जगा दिया है, मानसिंह का तिरस्कार नहीं किया है यह आपने ।

पदाहतः कोपमयो महाफणी, मुहुर्मुहुर्न्यञ्चित—भोग—मण्डलः ।
पुनर्हतः पादतलेन साम्प्रतं, न मानसिंहो भवता तिरस्कृतः ।।

अन्वय—भवता मानसिंहः न तिरस्कृतः (प्रत्युत) पदाहतः कोपमयः मुहुर्मुहुः, न्यञ्चित—भोग—मण्डलः महाफणी साम्प्रतम् पुनः पादतलेन हतः ।

क्रुद्ध महासर्प जो एक बार पैरो से आहत हो जाने के कारण अपने फण को बार-बार नीचे की ओर झुकाता रहता है, संप्रति उसे पुनः पैरो से मार दिया है आपने न कि यह मानसिंह को अपमानित किया है।

य एकलो भारत-भूपतेः प्रियः, प्रसिद्धसेनापतिरस्ति वीर–राट् ।
रिपुत्वमङ्गीकरणं ततोऽभयं, विभावयेत् को नु भवन्तमन्तरा ।।

अन्वय—यः वीरराट् भारतभूपते : एकलः प्रियः प्रसिद्धसेनापतिः अस्ति, ततः रिपुत्वमङ्गीकरणं (ततः) अभयं भवन्तम् अन्तरा कः नु विभावयेत् ।

जो एक छत्र भारतसम्राट् का प्रिय, वीरशिरोमणि और प्रसिद्ध सेनापति है, सम्प्रति उसके साथ निर्भयमन शत्रुता स्वीकार करने का विवेक आपके अतिरिक्त किसमें आ सकता है ? एकमात्र आप ही समर्थ हैं ।

जगाद भूयस्तदनन्तरं क्रुधा, प्रतापसिंहः किल सिंहविक्रमः ।
विधाय 'मानं' धृत-मौनमन्ततः, स वीरराजः स्फुरितोत्तराधरः ।।

अन्वय—तदनन्तरं अन्ततः 'मानं' धृतमौनं विधाय स्फुरितोत्तराधरः सिंहविक्रमः वीरराजः सः प्रतापसिंहः भूयः क्रुधा जगाद किल ।

उसके पश्चात्, मानसिंह का उपदेश मौन धारण किये हुए सुनने वाले सिंह-सदृश विक्रमशाली वीरप्रवर प्रतापसिंह ने ऊपरी ओष्ठ को फड़काते हुए क्रोधावेग में फिर कहा

अलर्कवत्केशरिणः पदान्तिके, वराक ! जल्पस्यलमग्रतो मुधा ।
तृणायतस्त्वद्वलतः कदाऽप्यहो, ममाग्निरूपस्य कथम्भयम्भवेत् ॥

अन्वय—हे वराक ! केशरिणः अग्रतः पदान्तिके अलर्कवत् मुधां अल्पं जल्पसि । अहो तृणायतः त्वद्वलतः अग्निरूपस्य मम भयं कदापि कथम् भवेत् ?

सिंह के चरणों तले पड़े वेचारे पागल कुत्ते का भोंकना व्यर्थ होता है (उसी प्रकार तुम्हारी यह वाचालता सर्वथा प्रभाव न डालने वाली है ।) अग्नि रूपी मेरे लिए तृण के सदृश तुम्हारे बल से भय की कहाँ सम्भावना ? (जिस प्रकार अग्नि तृण को भस्म कर देता है उसी प्रकार मैं तुम्हारे वल को नष्ट कर सकता हूँ । अग्नि को तृण से भय कभी हुआ है ?) ।

न गर्वमेवं कुरु वीरताऽञ्चितं, प्रदर्शय स्वं बलमेव सैन्यगम् ।
वदन्ति वीरा न कदापि किन्तु ते, स्वकर्म भीमं विदधत्यभीतितः ॥

अन्वय—एवं वीरताञ्चितगर्वं न कुरु । स्वं बलम् सैन्यगम् एव प्रदर्शय । वीराः वदन्ति न, किन्तु अभीतितः भीमं स्वकर्मं विदधति ।

इस प्रकार अभिमान मत करो शौर्य शालिन् ! अपना सैन्यवाला ही वल प्रदर्शित करना, वीर पुरुष वाचालतावश वहुत बोलते नहीं, वे तो निर्भयमन अपने भीषण कर्म में ही सन्तुष्टि पाते हैं ।

व्रज स्वगेहं निजसैन्य-सज्जितः, पुनः समागच्छ मदर्थमातुरः ।
तदा तव स्वागतमत्र मानिनः, स्वयं करिष्यामि कृपाणपाणिना ॥

अन्वय—स्वगेहं व्रज । निजसैन्यसज्जितः मदर्थम् आतुरः पुनः समागच्छ । तदा अत्र (अहं) स्वयं कृपाणपाणिना तव मानिनः स्वागतं करिष्यामि ।

जाओ अपने घर, अपनी सैन्य-शक्ति एकत्र कर उत्साह-सहित पुनः मेरे लिए आना, उस समय हे मानी ! मैं स्वयं यहाँ खड्गहस्त उपस्थित होकर तुम्हारा स्वागत करूँगा ।

विधाय शीघ्रं समरेऽथ सर्वथा, स-मान ! ते दुर्मद-मान-मर्दनम् ।
तथा समुन्मूल्य कुलैक-कण्टकं, ततः कृतार्थो भविताऽस्मि भूतले ॥

अन्वय—हे स–मान ! अथ समरे सर्वथा ते दुर्मदमानमर्दनं शीघ्रं विधाय तथा कुलैककण्टकं समुन्मूल्य ततः भूतले कृतार्थः भवितास्मि ।

शीघ्र ही समर-भूमि में हर प्रकार से, दुरभिमानी, तुम्हारा सम्मान-पूर्वक मान-मर्दन कर, और कुल कण्टक को समूल नष्ट करके, धरती तल पर कृतार्थ बनूँगा।

प्रताप – वाक्य – क्रकचेन मानवान्, निकृत्तमर्मा गमनोद्यतोऽभवत् ॥
यदैव, केनापि कटु-प्रलापिना, वचस्तदैवेत्थमभाणि दुःसहम् ॥

अन्वय—यदैव प्रतापवाक्यक्रकचेन निकृत्त–मर्मा (सः) मानवान् गमनोद्यतः अभवत् तदैव केनापि कटु-प्रलापिना इत्थं दुःसहं वचः अभाणि ।

प्रतापसिंह के वाक्य रूपी आरे से छिन्न मर्म (हृदय) वह मानी जैसे ही जाने के लिए उद्यत हुआ तभी किसी कटुभाषी ने इस प्रकार दुःसह वचन कहा—

अथाग्रहो मे भवते पुनः पुनः, सहैव नेयो भगिनीश्वरोऽपि सः ।
रणे हि दृष्ट्वा भवतः पराक्रमं, प्रसन्नचेता स महान् भविष्यति ॥

अन्वय—अथ भवते पुनः पुनः मे आग्रहः (यद्) सः भगिनीश्वरः अपि सहैव नेयः । हि सः रणे भवतः पराक्रमं दृष्ट्वा महान् प्रसन्नचेताः भविष्यति ।

आपसे मेरा बार-बार आग्रह है कि अपने साथ ही भगिनीपति को भी अवश्य ले आना, रण-भूमि में आपका पराक्रम देखकर वह महान् भी प्रसन्न हो जायगा।

समन्ततः सन्तत-वाक्शरार्दितो, मुहुर्मुहुर्भोगिनिभो विनिःश्वसन् ।
करेण सम्पीड्य करं व्यथाऽऽकुलः, ससर्प दिल्लीनगरं स 'मान'वान् ॥

अन्वय—समन्ततः सन्ततवाक्शरार्दितः भोगिनिभः मुहुर्मुहुः विनिःश्वसन् व्यथाकुलः मानवान् सः करेण करं सम्पीड्य दिल्लीनगरं ससर्प ।

चारों ओर से वाक्यरूपी वाणों द्वारा सर्वथा पीड़ित होकर सर्प की भाँति बार-बार श्वाँस छोड़ता, कष्टाधिक्य वशात् अपने ही हाथ से हाथ को पीडित कर (हाथ मलकर) वह मानी दिल्ली नगर को प्रस्थित हो गया।

०

राणा-रणघोषणा

इतः परं मान-मतं विचार्य सः, युगान्तकालाग्निसमः समुज्ज्वलन् ।
समस्त–सामन्त–जने जनेश्वरः, समुज्ज्वलद्वह्नि-शिखोपमोऽब्रवीत् ॥

अन्वय—इतः परं मान-मतं विचार्य युगान्त-कालाग्निसमः समुज्ज्वलन् समुज्ज्वलद्वह्निशिखोपमः सः जनेश्वरः समस्त-सामन्त जने अब्रवीत् ।

इसके अनन्तर उसने (प्रतापसिंह ने) मानसिंह की मनोदशा को विचार (समझ) कर युगान्तकालीन अग्नि (प्रलयाग्नि) के सदृश दहकते हुए, जनेश्वर (नृप राणाप्रताप) ने सभी सामन्त जनों से 'प्रदीप्त-अग्नि की शिखा के समान (ओजस्वी वाणी में) कहा—(जिस प्रकार प्रदीप्ताग्नि की शिखा में दहन-शक्ति का सहज आभास होता है, उसी प्रकार उस समय प्रताप की वाणी में प्रतीत हो रही थी)

अये स्वदेशोन्नतये धृतासवोऽस्त्ययं जनो वक्तुमना मनागतः।
हृदि स्वकीये विलिखन्तु मद्वचः, स्वशक्तिराद्या शुचि-धर्म-साधिका ॥

अन्वय—अये स्वदेशोन्नतये धृतासवः ! अयं जनः मनाग् वक्तुमना अस्ति । अतः स्वकीये हृदि मद्वचः विलिखन्तु (यद् अस्माकं) स्वशक्तिः आद्या शुचिधर्म-साधिका (अस्ति) ।

यह जन स्वदेश की उन्नति के लिए धृतव्रती है अतः कुछ कहना चाहता है अपने-अपने हृदय में मेरा वचन अंकित कर लें, हमारे पवित्र धर्म को पूर्ण (साधिका) करने वाली आद्या शक्ति है ।

न किं नु भूयो भविता समुन्नतिर्न दासता नस्त्वरितं गमिष्यति ।
वदन्तु शीघ्रं जननी च जन्मभूः, न किं पुनः सौख्यमयी भविष्यति ॥

अन्वय—किं नु भूयः समुन्नतिं न भविता ? (किं) नः दासता त्वरितं न गमिष्यति ? जननी जन्मभूः च पुनः शीघ्रं सौख्यमयी न भविष्यति किम् (इति भवन्तः) वदन्तु ।

क्या पुनः समुन्नति सम्भव नहीं है, क्या हमारी दासता शीघ्र ही समाप्त नहीं हो जायगी ? शीघ्र आप सभी जन वोलें—क्या हमारी यह जन्मभूमि पुनः सुख सरसाने वाली न होगी ?

पपौ रणे यश्च किलोष्ण-शोणितं, नृ-मूर्ति-धारी यम लोक-शासनः ।
स भीमनामा रिपु-रक्त-रञ्जनः, न किं कुले नः प्रवभूव वीर-राट् ॥

अन्वय—नृमूर्तिधारी यमलोकशासनः यः रणे उष्णशोणितं पपौ, सः रिपुरक्त-रञ्जनः भीमनामा वीरराट् नः कुले न प्रवभूव किम् ?

रणभूमि में जिसने शत्रुओं के उष्ण रक्त का पान किया, वह नररुपधारी

यमराज-भीम जो शत्रु रक्त से सन्तुष्ट होता था, क्या वीरशिरोमणि वह हमारे कुल में नहीं जन्मा ? (भीम जैसे महाप्रतापी पुरुष के कुल में मैंने भी जन्म ग्रहण किया है, अतः शत्रुओं को नष्ट करना परम धर्म है।)

प्रशस्ततेजा अनघो दृढव्रतः, स राघवः किं न मदीय-वंशजः।
निहत्य युद्धे किल योऽत्र रावणं, महीतलं चारु चकार शीतलम् ॥

अन्वय—प्रशस्ततेजाः अनघः दृढव्रतः सः राघवः किं मदीयवंशजः न यः अत्र युद्धे रावणं निहत्य महीतलं चारु शीतलं चकार किल।

प्रशस्त तेज वाला, अकलुष और दृढ़व्रती वह राम क्या हमारे वंशज नहीं थे ? जिन्होंने इसी भूमि पर युद्ध में रावण का वध करके धरती तल को सुरम्य एवं शीतल कर दिया।

मदीयदेशोऽस्म्यहमेव भूपतिः, प्रसिद्धमेतद्वसुधातलेऽस्त्यलम्।
कथं न लज्जाऽहह मां न बाधते, यदद्य देशो यवनैर्वशीकृतः ॥

अन्वय—(अयं) मदीय देशः (अस्ति) अहम् एव भूपतिः अस्मि (इति) एतत् वसुधातले अलं प्रसिद्धम् अस्ति। अहह ! कथं मां लज्जा न बाधते, यद् अद्य (अयं) देशः यवनैर्वशीकृतः।

हमारा देश है, हम इसके नृपति (शासक) हैं, यह पृथ्वीतल पर प्रसिद्ध है, मुझे आज लज्जा और कष्ट क्यों न पहुँचे, जो यह देश यवनों के अधिकार में चला गया है।

अघौघभाराज्जनता नताऽधुना, वधू-जने चापि विलासिताऽसिता।
अहो दुरन्तः किल काल-चङ्क्रमः, यदद्य सर्वत्र विपत्त्युपक्रमः ॥

अन्वय—अधुना जनता अघौघभारात् नता, वधूजने अपि विलासिता असिता च।' अहो काल-चङ्क्रमः दुरन्तः किल यद्अद्य सर्वत्र विपत्त्युपक्रमः अस्ति।

दुष्कृत्यों के भार से बोझिल जनता इस समय नम्र (आत्म शक्ति क्षीण है) हो गयी है, युवतियों में भी कलुषमयी विलासिता व्याप्त (घर कर गयी है) है। कष्ट का विषय है, काल की गति कठिन होती है, इसी कारण आज सर्वत्र विपत्ति की ही भूमिका दिखायी पड़ रही है।

महोच्चलद्वारण-वैरि-वारणाः !, कथं नु यूयं किल शान्त-मानसाः।
पतङ्गवद् वह्निमुखं विविक्षवो, न यावदेते यवनां दहन्त्यलम् ॥

अन्वय—हे महोच्चलद्वारणवैरिवारणाः ! यूयं कथं नु शान्तमानसाः किल। वह्निमुखं पतङ्गवद् विविक्षवो एते यवना यावत् अलं दहन्ति।

वैरी के उन्मत्त हाथियों (उन्मत्त हाथी के समान शत्रु) को परास्त करनेवाले आप लोग यह शान्त चित्त क्यों हैं ? कीड़े के समान अग्नि में कूदने (राजपूतों की क्रोधाग्नि) के लिए उमड़े ये यवन जब तक भस्म (विनष्ट) नहीं हो जाते शान्त नही बैठना चाहिए।

प्रियो यदि स्याद् भगवान् महामहाः, स एकलिङ्गोऽमर-वृन्द-वन्दितः।
प्रिया यदि स्याल्ललना पवित्रता, प्रियो यदि स्याद् भवतामयञ्जनः॥

अन्वय—यदि अमर-वृन्द-वन्दितः महामहाः सः भगवान् एकलिङ्गः प्रियः स्यात्, यदि ललना-पवित्रता प्रिया स्यात्, यदि अयं जनः भवताम् प्रियः स्यात्।

यदि देवगणों द्वारा वन्दित महाभगवान् एकलिंग प्रिय हैं, यदि स्त्री जनों की पवित्रता प्रिय हैं, एवं यदि आप सबको यह जन (स्वयं मैं) प्रिय है—

तदद्य सार्धं मयका रणाङ्गणे, प्रमत्तभावा समरे धृतायुधाः।
विधाय मानङ्गत - मान - मर्दनं, स्ववीरभूमिं कलयन्तु सर्वथा॥

अन्वय—तदद्य मयका सार्द्धं रणाङ्गणे प्रमत्त भावाः धृतायुधाः (भवन्तु) समरे मानङ्गतमानमर्दनं विधाय सर्वथा स्ववीरभूमिं कलयन्तु।

तो आज युद्ध में शस्त्र धारण कर तदर्थ उन्मत्त भाव में भरे मेरे साथ रणभूमि में अभिमानी मानसिह का अभिमान चूर्ण कर अपनी वीर भूमि को हरदशा में जानने-पहिचानने का यत्न करें। (हमारी जन्मभूमि के वीर पुरुषों का धर्म रहा है कि उस पर आँख उठाने वाले अभिमानी का गर्व नष्ट करें।)

धिग्ब्राह्मणं तमथ यः श्रुति-मन्त्र-हीनः, धिक् क्षत्रियं तमथ यः समरेऽतिदीनः।
धिग् वैश्यमर्थिजन-शोषणमात्र-पीनं, शूद्रं च धिक् सुजनसेवकताविहीनम्॥

अन्वय—अथ तं ब्राह्मणं धिक्, यः श्रुति—मन्त्रहीनः अथ तं क्षत्रियं धिक् यः समरे अतिदीनः, अर्थिजनशोषण-मात्रपीनं वैश्यं धिक्, सुजनसेवकताविहीनं शूद्रं च धिक् (अस्तु)।

वेद-मंत्र से रहित (जिसकी आस्था वेद-मंत्रों में नहीं है) ब्राह्मण, रणभूमि में दीनता के भाव लाने वाले क्षत्रियं, वैश्य जो धनहीन जनों का शोषण करके धनी (मोटा) बने उसको एवं उस शूद्र को धिक्कार है जो सज्जनों की सेवा से विमुख रहे।

तिष्ठन्तु ते निज-गृहे ललना-विलासाः, ये वारुणी-विषय—वञ्चकतैकदासाः ।
ये जन्मनैव खल-कर्म समर्थयन्ति, प्रोच्चैर्बलं शुचि-कुलं च कदर्थयन्ति ॥

अन्वय—-ललनाः विलासाः ये वारुणीविषयवञ्चकतैकदासाः (सन्ति) तथा च ये जन्मना एव खलकर्म समर्थयन्ति, प्रोच्चैर्बलं शुचिकुलं च कदर्थयन्ति (अधुना) ते निजगृहे तिष्ठन्तु ।

युवति-जनों के विलास में रत रहनेवाले-वे सब जन जो वारुणी और विषयभोग की ठगी के दास हैं, जो जन्म से ही खलकर्म (दुष्टता के कृत्य) के समर्थक हैं बल और कुल की पवित्रता को निन्दित करते हैं (पवित्र कुल की प्रतिष्ठा में आस्थावान् नहीं हैं) अपने घर में पड़े रहें ।

आयातु स प्रकटयन् बलमत्युदारं, कर्तुं समर्थं इह यो व्रतमासिधारम् ।
क्रीडास्थलीव किल यं समरस्थली स्यात्, किं वा विषाद इह यस्य कृते प्रसादः ॥

अन्वय —यः इह आसिधारंव्रतं कर्तुं समर्थः (स्यात्) यं किल समरस्थली क्रीडास्थली इव स्यात्, किंवा इह विषादः यस्य कृते प्रसादः (अस्ति), सः अत्युदारं बलं प्रकटयन् आयातु ।

अपने बल-पौरुष को प्रकट करते हुए वह आयें जो खड्गहस्त होने का व्रत लेने में समर्थ हो, जिसके लिए रण-भूमि क्रीड़ाभूमि के सदृश प्रतीत हो अथवा जिसके लिए विषाद भी प्रसाद के समान हो (जो कष्ट में भी प्रसन्न रहें) ।

आयातु स प्रबलवानिह साऽभिमानं कृत्वा स्वदेश-चरणे मृदु-मौलि-दानम् ।
वक्षः-क्षताज्जनित-शोणित-विन्दुभिर्यः, निश्शङ्कमङ्कयतु गौरव-गर्व-गानम् ॥

अन्वय—यः प्रबलवान् स्वदेश-चरणे मृदुमौलिदानं कृत्वा वक्षःक्षतात् जनित—शोणितविन्दुभिः निश्शङ्कम् गौरवं—गर्वं—गानम् अङ्कयतु, सः इह साऽभिमानं आयातु ।

बल-पौरुषवाला वह आये जिसने अभिमान-सहित स्वदेश के लिए अपने शीश का दान कर चुका हो, जो विदीर्ण-छाती से निकलते रक्त विन्दुओं द्वारा निशंक-हृदय निज गौरव का सगर्व गीत अंकित कर सकता है ।

सिन्दूरविन्दुरिव भारत-भूमि-भालात्, 'मेवाड़ एष पवनैयवनैर्विलुप्तः ।
भूयोऽपि तं किल तथा परिरञ्जयेद्यः, आयातु तत्कृत इदं प्रणतं शिरो मे ॥

अन्वय—एषः मेवाडः सिन्दूर विन्दुः इव भारत भूमिभालात् यवनैः पवनैः विलुप्तः। यः किल भूयोऽपि तं तथा परिरञ्जयेत् (सः) आयातु। तत्कृते मे इदं शिरः प्रणतम् (अस्ति)।

भारत-भूमि के मस्तक पर सिन्दूर-विन्दु के सदृश 'मेवाड़' आज यवन रूपी पवन द्वारा विलुप्त कर दिया गया है, पुनः उसे पूर्ववत् जो प्रतिष्ठित करे वह आये, उसके लिए यह मेरा सिर झुका हुआ (वह वन्दनीय है) है।

धन्याऽस्ति तेन जननी जनकोऽप्यनन्यो, वंशश्च तेन सुसमस्त-समस्त तापः।
कीर्तिश्च तस्य भुवने भुवनैकभूषा, प्राणान् समुत्सृजति यो निज-देश-हेतोः॥

अन्वय—तेन जननी धन्या अस्ति, जनकः अपि अनन्यः (अस्ति) वंशश्च तेन सुसमस्त-समस्त-तापः (अस्ति), भुवने तस्य कीर्तिः भुवनैकभूषा च (अस्ति), यः निजदेश-हेतोः प्राणान् समुत्सृजति।

उससे जननी धन्य और जनक अनन्य (एक मात्र गौरवशाली) और उसका कुल समस्त कष्टों से मुक्त हो गया, उसका वंश जगती तल में एक-मात्र शोभा (जगत् के लिए आभूषण) है, जो अपने देश के लिए प्राणों का उत्सर्ग करता है।

स्वच्छन्द-मन्द-गमना यवना गजाऽऽभाः, नन्दतु तावदिह नन्दन-कानने मे।
वक्षो-विदारण करं निनदं विधाय, यावन्न सर्पति महामृगराज एषः॥

अन्वय—वक्षो-विदारण—करं निनदं विधाय यावद् एषः महामृगराजः न सर्पति, तावद् गजाऽभाः स्वच्छन्द-मन्द-गमनाः यवनाः मे इह नन्दन-कानने नन्दन्तु।

नन्दन-कानन रूपी हमारी भूमि पर ये गज-सदृश यवन तभी तक स्वतंत्र-मन मन्दगति से विचरण कर रहे हैं, जब तक यह महासिंह वक्ष को विदीर्ण कर देने वाला निनाद (गरजना) करके प्रस्थित नहीं होता (पहुँच नहीं जाता)। अर्थ यह कि हम राजपूतों की हुंकार सुनते ही ये उद्धत यवन एक क्षण भी नहीं रुक सकते।

अद्यापि पश्यतु जगद्रघुवंश-वीर्यं, ग्रन्थेषु मत्कृत इदं विलिखन्तु विज्ञाः।
एकोऽपि कोपित-तमः कुतमः परेण, दिल्लीश्वरेण समरं समरीरचद्यत्॥

अन्वय—जगत् अद्यापि रघुवंशवीर्यं पश्यन्तु। विज्ञाः ग्रन्थेषु मत्कृते इदं विलिखन्तु यत् कोपिततमः कुतमः एकः अपि परेण दिल्लीश्वरेण समरं समरीरचत्।

आज भी संसार रघुवंश (रघुवंश में जन्म लेने वीरों) का पौरुष देखे, विद्वान् ग्रन्थों में मेरे लिए इस प्रकार लिखें—एकाकी रहने पर भी क्रुद्ध हो जाने के

कारण शक्ति से भ्रमित (बल के गर्व में चूर) दूसरे दिल्लीश्वर से युद्ध की रचना कर दी ।

तदैव सैन्ये सहसा समाविशत्, तडित्प्रभः साहस एव मूर्तिमान् ।
जयेति शब्देन सरोष—घोषणो, रवोऽभवच्छस्त्र—ततिप्रताडितः ॥

अन्वय—तदा एव सैन्ये सहसा एव तडित्प्रभः मूर्तिमान् साहसः समाविशत्, ;: न सरोष—घोषणः, शस्त्रततिप्रताडितः रवः अभवत् ।

सेना में विद्युत-ज्योति-सी बिखराते हुए प्रविष्ट होने पर ऐसा प्रतीत होता, मानो साहस स्वयं रूपधारी होकर उपस्थित हो एवं 'जय' शब्द के साथ क्रोधावेग में की गयी घोषणा तथा शस्त्र-समूह का स्वर गूंज उठता ।

स 'एकलिंगो' भगवाञ्जयत्वलम् ,जयत्वलं भारत — मा महीयसी ।
प्रतापसिंहो विजयी जयत्वलं, जयत्वलं तद्बलत्तरं बलम् ॥

अन्वय—सः भगवान् एकलिङ्गः अलं जयतु, महीयसी भारत मा अलं जयतु, विजयी प्रतापसिंहः अलं जयतु, तद् बलवत्तरं बलम् अलं जयतु ।

उस एकलिंग भगवान् की जय हो, जय हो महिमाशालिनी भारत जननी की, विजयी प्रतापसिंह की और उसके अद्भुत् बल की जय हो ।

रणाङ्गणे राणाप्रतापः

प्रतापसिंहस्य महोत्तमं यशः, रिपूच्छलच्छोणित — शोणलेखनैः ।
शिलोच्चये भाति यदीयकेऽङ्कितं, प्रिया न कं सा किल 'हल्दिघाटिका' ॥

अन्वय—यदीयके शिलोच्चये रिपूच्छलच्छोणितशोणलेखनैः अङ्कितं प्रतापसिंहस्य महोत्तमं यशः भाति, सा किल हल्दिघाटिका कं न प्रिया ?

शत्रु के गिरते रक्त से रक्तिम (लोहित) लेख द्वारा शिला खण्डों पर शोभित प्रतापसिंह का महान् यश मेरे द्वारा अंकित किया गया है, उस यश को धारण करने वाली हल्दीघाटी किसे प्रिय नहीं है ? अर्थं कि सबके लिए प्रियं है ।

'अरावली' यां समवाप्य सुन्दरी, सुहल्दिघाटीप्रथिता रणस्थली ।
परस्परं सा भुवि योद्धुकामतः, प्रवर्तमानोभय — पक्षतोऽभवत् ॥

अन्वय—यां समवाप्य सुहल्दिघाटीप्रथिता सुन्दरी सा रणस्थली अरावली भुवि परस्परं योद्धुकामतः उभयपक्षतः प्रवर्त्तमाना अभवत् ।

सुन्दर अरावली जिसको प्राप्त कर सुन्दर हल्दीघाटी रणस्थली के रूप में प्रसिद्ध हुई, वह, जहाँ दोनों पक्ष युद्ध करने की इच्छा से समुपस्थित हुए । (अरावली पर्वत का नाम है, उससे लगे हुए भाग को हल्दीघाटी संज्ञा दी गयी, यही कवि ने इस रूप में अंकित किया ।)

क्व लक्षशो भारतभाररूपिणः, प्रकामचारा यवना मदोद्धताः ।
क्व जन्मभू-भार-निवारणे रताः, जनाः कियन्तो धृत-सङ्गर-व्रताः ॥

अन्वय—मदोद्धताः प्रकामचाराः भारत-भार-रूपिणः लक्षशः यवनाः क्व ? (तथा च) जन्म-भू-भार-निवारणे रताः धृतसङ्गर-व्रताः (कियन्तः) जनाः क्व ?' द्वौ क्वौ महदन्तरं सूचयतः ।

कहाँ भारत-भूमि पर भार स्वरूप स्वेच्छाचारी, बल से गर्वित लक्ष संख्या वाले यवन एवं कहाँ युद्धव्रती, जन्मभूमि का भार दूर करने में तत्पर थोड़े से राजपूत जन—

तथापि जातं समरं तथा-विधं, यदद्यकालेऽपि तदुल्वण-प्रभाम् ।
